हरिभूमि
# संस्कारधानी भूमि
रायपुर, शुक्रवार 13 फरवरी 2026



# गौरव ग्राम रहे घुमका में खुलेगी शराब की दुकान, विरोध में उतरी कांग्रेस

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

जिले के घुमका क्षेत्र में एक बार फिर सरकारी शराब दुकान खोलने की तैयारी कर ली गई है। आबकारी विभाग ने इसके लिए बकायदा निविदा भी जारी कर दी है। जबकि 14 साल पहले तत्कालीन सरकार ने घुमका को दो शहीदों के सम्मान में गौरव ग्राम का दर्जा दिया था।

जिसके बाद से ही शराब दुकान इस क्षेत्र में बंद थी। इधर आबकारी विभाग द्वारा शराब दुकान खोले जाने की तैयारियों के बीच ही कांग्रेस इसके विरोध में भी उतर आई है। उल्लेखनीय है कि 29 जनवरी 2026 को आबकारी विभाग द्वारा एक निविदा सूचना जारी की गई है। जिसमें राजनांदगांव जिले के अंतर्गत घुमका के अलावा खुज्जी एवं चिचोला में भी शराब दुकान खोलने की बात कही गई है। 12 फरवरी तक निविदा जमा करने की अवधि तय की गई थी।

## घुमका सहित जिले में तीन नई शराब दुकान खोलने जारी की गई है निविदा

### 1942 आंदोलन में शामिल थे

घुमका निवासी सेनानी चिंताराम द्विवेदी और बेनी प्रसाद दुबे ये दोनों 1942 के भारत छोड़ो आंदोलन में अंग्रेजों के विरुद्ध संघर्ष में जेल गए थे। इन दो स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के बलिदान से मिले दर्जा के कारण यहां से 2012 से शराब दुकान शासन की नीति के तहत बंद हो गया था, लेकिन अब घुमका को नगर पंचायत का दर्जा मिलने के बाद गौरव ग्राम का दर्जा हटने का कारण बताकर आबकारी विभाग यहां शराब दुकान खोलने जा रहा है।



### पहले भी बढ़ाई दुकानें

ज्ञात हो कि इससे पहले भी आबकारी विभाग ने चतुराई करते मोहारा स्थित शराब दुकान को हटाने की बात कहकर उसे दो भाग में बांट दिया था। मोहारा से अंग्रेजी शराब दुकान को हटाकर बायपास में स्थानांतरित किया गया और बाद में मोहारा में भी दुकान का संचालन जारी रखा गया। भले ही कागजों में दुकान एक ही है, लेकिन मौके पर दो स्थानों में शराब दुकान संचालित की जा रही है।

### आज खुलेगी निविदा

मिली जानकारी के अनुसार घुमका, खुज्जी और चिचोला में नवीन कम्पोजिट देशी मदिरा दुकान खोलने के लिए 29 जनवरी को निविदा जारी की गई थी। निविदा जमा करने की अंतिम अवधि 13 फरवरी तय की गई थी। आज दोपहर 1 बजे जमा हुई निविदा को खोला जाएगा।

### अपराध को बढ़ावा देने का प्रमाण दुकानः दुबे



प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता रूपेश दुबे ने घुमका में शराब दुकान खोलने के निर्णय पर कहा कि छग को अपराध और अवैध शराब के व्यवसाय ने जिस प्रकार से भाजपा सरकार ने ग्रसित कराया है और सरकार अपराध के जड़ को समाप्त करने में असफल है। नगर पंचायत निर्माण के बाद जनता को सुविधा तो नहीं, बल्कि नल, समेकित जैसे टैक्स की मार जरूर दे रखी है। वहीं गली-गली में सरकार के संरक्षण में सरकारी शराब दुकानों से कोचियों से कमीशन लेकर सप्लाई कराते शराब बिकवाकर जनता अपने बच्चों को नशे के लत से कैसे बचाए, यह मानसिक भार देने वाली है। अवैध जगहों में दुकानें खुलवाई जा रही है। जिससे शहर, ग्राम, वार्ड में शराब की नदियां बह रही है, जिससे जनता त्रस्त है।

# होली से पहले 2.30 लाख किसानों को बटेंगी 877 करोड़ रुपए अंतर की राशि

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

ढाई महीने तक चली धान की सरकारी खरीदी के बाद अब किसानों को अंतर की राशि मिलने का भी इंतजार समाप्त होने वाला है। प्रदेश सरकार ने होली पर्व से पहले किसानों को अंतर की राशि जारी करने का ऐलान कर दिया है। अविभाजित राजनांदगांव जिले के 2.30 लाख किसानों को 877 करोड़ रुपए की राशि बांटी जाएगी। एकमुश्त इतनी राशि किसानों के खाते में आने का सीधा असर बाजार पर देखने को मिलेगा। सराफा से लेकर ऑटोमोबाइल और इलेक्ट्रानिक्स बाजार में खरीदारी बढ़ सकती है।

इधर अंतर की राशि आने के बाद बैंकों में लगने वाली किसानों की कतार को सुविधा देने की तैयारी भी जिला सहकारी केंद्रीय बैंक द्वारा शुरू कर दी गई है। बैंक अध्यक्ष सचिन बघेल ने बताया कि पर्व से पहले अंतर की राशि जारी किए जाने के बाद किसानों को उस राशि को निकालने में किसी तरह की दिक्कतें ना हो यह सुनिश्चित किया जाएगा। इसके साथ ही किसानों को एटीएम के लिए भी प्रोत्साहित किया जा रहा है। जिससे बैंक में कतार लगाने के बजाय वह सीधे एटीएम से अपनी जरूरत अनुसार राशि निकाल सकें।

उल्लेखनीय है कि धान उत्सव के दौरान धान बिक्री के लिए आने वाले किसानों को सरकार 72 घंटे के भीतर समर्थन मूल्य के अनुसार धान का भुगतान कर रही थी। शेष राशि किसानों को अब एकमुश्त जारी की जाएगी। एक साथ राशि मिलने के बाद किसान उसका उपयोग रबी फसल के लिए करते हैं। ऐसे में उनको भी बड़ी राहत मिलेगी।

## तीन जिले में 120 लाख क्विंटल से अधिक धान खरीदी



### किसानों की सरकार

प्रदेश सरकार किसानों की सरकार है। इसका एक और उदाहरण होली से पहले धान के अंतर की राशि एकमुश्त जारी कर दिया है। होली से पहले एकमुश्त राशि मिलने से किसानों को पर्व धूमधाम से मनाने में सुविधा होगी।

**- सचिन बघेल,** अध्यक्ष जिला सहकारी बैंक

### तीन जिलों में 3736 करोड़ रुपए के धान की खरीदी

ज्ञात हो कि इस बार भी प्रदेश की साय सरकार ने किसानों से 3100 रुपए प्रति क्विंटल के अनुसार धान खरीदी की है। अविभाजित राजनांदगांव जिले में 120.36 लाख क्विंटल खरीदी हुई है। इस धान के बदले 230898 किसानों को लगभग 3736 करोड़ रुपए मिलेंगे। इसमें 2858.46 करोड़ रुपए समर्थन मूल्य और लगभग 877 करोड़ रुपए अंतर की राशि के रुप में जारी किए जाएंगे।

### राजनांदगांव जिले के किसानों में बटेंगे 455 करोड़

अविभाजित राजनांदगांव में सर्वाधिक अंतर की राशि राजनांदगांव के किसानों को दी जाएगी। राजनांदगांव में 124101 किसानों से 6254945 क्विंटल धान की खरीदी हुई है। ऐसे में यहां के किसानों को कुल 455.98 करोड़ रुपए जारी किए जाएंगे। वहीं केसीजी जिले में 66281 किसानों से 3757559 क्विंटल खरीदी हुई है। यहां के किसानों को 273.92 करोड़ रुपए मिलेंगे। एमएमसी जिले में 40516 किसानों से 2023933 क्विंटल खरीदी के बदले उन्हें 147.54 करोड़ रुपए जारी किए जाएंगे।

# शराब पीकर वाहन चलाने वालों पर एक्शन, 12 से वसूला जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़



वाहनों की जांच के दौरान शराब पीकर वाहन चलाते पाए जाने पर 12 वाहन चालकों के खिलाफ कार्रवाई की गई है। अन्य यातायात नियमों का उल्लंघन करने पर 106 वाहन चालकों पर चालानी कार्रवाई किया गया।

पुलिस सूत्रों के अनुसार पुलिस टीम द्वारा सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम हेतु शराब पीकर वाहन चलाने एवं यातायात नियमों के उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों पर लगातार कार्रवाई की जा रही है।

**नियमों का उल्लंघन, 106 मामलों में कार्रवाईः** इसी कड़ी में 11 फरवरी को समस्त थाना व चौकी एवं यातायात द्वारा व्यापक स्तर पर सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। वाहन चेकिंग के दौरान शराब पीकर वाहन चलाते पाए जाने वाहन चालकों पर मोटर अधिनियम के तहत धारा 185 की कार्रवाई करते थाना छुईखदान 5, ठेलकाडीह 1, गंडई 1 एवं यातायात 5 कुल 12 चालकों पर कार्रवाई करते प्रकरण तैयार किया गया, जिसे न्यायालय में पेश किया गया है। इसी तरह यातायात नियमों के उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों पर थाना खैरागढ़ में 26, गंडई 6, ठेलकाडीह 12, मोहगांव 5, साल्हेवारा 10, गातापार 4, चौकी जालबांधा 7, यातायात से 36 कुल 106 प्रकरण में कार्रवाई करते 31600 रुपए की चालानी कार्रवाई किया गया। नियत धाराओं में लाइसेंस निलंबन की कार्रवाई हेतु संबंधित परिवहन विभाग को भेजी गई है।

# थैला में गांजा रखकर बेचने आया युवक पकड़ाया

## नशे के खिलाफ पुलिस का अभियान, सूचना मिलते ही कर रहे कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



थैला में अवैध रूप से गांजा रखकर बेचने के लिए आ रहे युवक को पुलिस ने मौके पर पकड़ा। जिससे 1.323 किलोग्राम मादक पदार्थ गांजा बरामद कर कार्रवाई की गई है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा के निर्देश, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कीर्तन राठौर एवं नगर पुलिस अधीक्षक वैशाली जैन के मार्गदर्शन तथा थाना प्रभारी निरीक्षक एमन साहू के नेतृत्व में थाना बसंतपुर क्षेत्र में असामाजिक तत्वों एवं अवैध गांजा, शराब व अन्य नशीले पदार्थों की बिक्री में संलिप्त व्यक्तियों के विरुद्ध लगातार अभियान चलाया जा रहा है।

**सूचना पर पुलिस की दबिश**

पुलिस के अनुसार इसी क्रम में 12 फरवरी को पुलिस को मुखबीर से सूचना प्राप्त हुई कि आसिफ खान पिता गुलाम खान निवासी शुलभ के पास रानीसागर रोड सफेद रंग के थैले में गांजा रखकर बिक्री हेतु दुर्गा चौक की ओर जा रहा है। इस सूचना की तस्दीक हेतु पुलिस टीम तत्काल मौके पर पहुंची, जहां आरोपी के पास सफेद थैले में अवैध रूप से गांजा रखा पाया गया।

### आरोपी से 323 किलो गांजा किया बरामद

पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 1.323 किलोग्राम मादक पदार्थ गांजा कीमती 13,000 रुपए को जब्त कर थाना बसंतपुर में धारा 20(ख) एनडीपीएस एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया। आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया, जहां से न्यायिक रिमांड प्राप्त होने पर जिला जेल राजनांदगांव दाखिल किया गया। पुलिस के मुताबिक अवैध मादक पदार्थों की तस्करी एवं बिक्री में संलिप्त व्यक्तियों के विरुद्ध कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।




## खबर संक्षेप

### संतोष अग्रवाल विधायक प्रतिनिधि नियुक्त



**राजनांदगांव** । भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता, राजगामी संपदा न्यास एवं जिला भाजपा के पूर्व अध्यक्ष संतोष अग्रवाल को विधानसभा अध्यक्ष एवं राजनांदगांव के विधायक डॉ. रमन सिंह ने अपना विधायक प्रतिनिधि के रूप में मानोनित किया है। उनकी नियुक्ति से भाजपा कार्यकर्ताओं में हर्ष है। वहीं उन्हें बधाई देने वालों का सिलसिला शुरू हो गया है।

वरिष्ठ भाजपा नेता संतोष अग्रवाल को राजनीति का लंबा अनुभव है । वह संगठन में कई अहम पदों पर अपनी सेवा दे चुके हैं। वहीं कार्यकर्ताओं के बीच उनकी अच्छी पकड़ है। वह डॉ. रमन सिंह के भी काफी करीबी हैं। उनके राजनीतिक अनुभव और बेहतर कार्यशैली को देखते हुए उन्हें यह जिम्मेदारी दी गई है। उनकी नियुक्ति से भाजपा कार्यकर्ताओं में हर्ष व्याप्त है। इधर विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह द्वारा श्री अग्रवाल को यह जिम्मेदारी सौंपे जाने के बाद प्रशासन ने भी सर्व विभाग प्रमुखों को प्रशासनिक बैठकों में उन्हें विधायक प्रतिनिधि के तौर पर आमंत्रित करने कहा है।

# एसआईआर में वोटरों के नाम विलोपित! एफआईआर के लिए थाना पहुंचे कांग्रेसी

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

एसआईआर में मतदाताओं का नाम काटने के लिए आवेदन देने का मामला सामने आया है। शहर के स्टेशनपारा क्षेत्र के वार्ड क्रमांक 11 में लगभग 32 मतदाताओं का नाम विलोपित किए जाने फार्म 7 के माध्यम से माध्यम से आवेदन किया गया है, जिस पर आज कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने षड्यंत्रपूर्वक 32 मतदाताओं के नाम विलोपित करने के प्रयास का आरोप लगाते चिखली पुलिस चौकी में शिकायत आवेदनकर्ताओं के खिलाफ आपराधिक प्रकरण दर्ज करने मांग की और एफआईआर के लिए ज्ञापन सौंपा।

शहर के राजेंद्र प्रसाद वार्ड नंबर 11 के बूथ क्रमांक 107 में 32 मतदाताओं का नाम विलोपित करने के लिए शिकायत आवेदनकर्ताओं द्वारा फॉर्म 7 के माध्यम से आवेदन प्रस्तुत किया गया है। जिसको लेकर अब यहां सियासत गरमा गई है। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं पर यहां मतदाताओं का नाम विलोपित करवाने षड्यंत्र करने का आरोप लगाया है। कांग्रेस कार्यकर्ता इस मामले में एकत्रित हुए और पुलिस चौकी चिखली पहुंचकर षडयंत्रपूर्वक शिकायत करने वालों के खिलाफ हुए एफआईआर दर्ज कर कार्रवाई करने मांग की।




### भाजपा के खिलाफ नारेबाजी

इस मामले में षडयंत्रपूर्वक शिकायत करने वालों और भाजपा एवं केंद्र की मोदी सरकार के खिलाफ कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जमकर नारेबाजी की। इस दौरान वार्ड के पार्षद छोटेलाल रामटेके, रमेश डाकलिया, अनीस खान, अमित चंद्रवंशी, इब्राहिम खान, बबलू कसार, सैय्यद अफजल, हितेश गोन्नाडे, गोपी रजक, शैलेश ठावरे, शेख अनीश, हिमांशु बंजारी सहित अन्य उपस्थित थे।

### उग्र आंदोलन की चेतावनी

कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा ज्ञापन के माध्यम से मांग की गई है कि मामले को गंभीरता से लेते हुए तत्काल प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज किया जाए और संबंधित व्यक्तियों के विरुद्ध विधिसम्मत धाराओं में आपराधिक प्रकरण कायम कर निष्पक्ष एवं त्वरित जांच सुनिश्चित की जाए। वहीं उन्होंने कार्रवाई नहीं होने पर आंदोलन की चेतावनी दी है।

### मतदाताओं के खिलाफ षड्यंत्र

पूर्व महापौर हेमा देशमुख, शहर कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा, उत्तर ब्लॉक कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष आसिफ अली ने कहा कि शहर के राजेंद्र प्रसाद वार्ड नंबर 11 में देवेश घाटोड़े और किशन अग्रवाल द्वारा सुनियोजित पड्यंत्र के तहत आम मतदाताओं के नाम मतदाता सूची से हटाने हेतु आपत्तियां प्रस्तुत की गई है। उक्त आवेदन में भ्रामक एवं असत्य जानकारी प्रस्तुत कर यह दर्शाने का प्रयास किया गया है कि संबंधित 32 मतदाता वार्ड के मतदाता नहीं है। जबकि सभी संबंधित व्यक्ति वर्षों से राजेंद्र प्रसाद वार्ड के विधिवत पंजीकृत मतदाता हैं तथा उनके राशन कार्ड, आधार कार्ड एवं अन्य शासकीय अभिलेख भी इसी वार्ड के पते पर दर्ज है।

## खबर संक्षेप

### रामपुर में सब स्टेशन मंजूर



**अर्जुनी।** रामपुर क्षेत्र के लोगों को बिजली कटौती सहित अन्य समस्याओं से निजात दिलाने के लिए छत्तीसगढ़ राज्य बिजली वितरण कंपनी ने सब स्टेशन स्थापना की मंजूरी दी है। कंपनी ने सब स्टेशन के लिए 196.92 लाख स्वीकृत किया है। ग्राम में सब स्टेशन स्थापना के लिए जनपद उपाध्यक्ष मनीष साहू सहित अन्य काफी दिनों से प्रयास कर रहे थे। लगातार प्रयास के बाद सब स्टेशन की स्वीकृत मिल गई है। स्वीकृति पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए ग्रामीणों ने जिला भाजपा अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत एवं जनपद उपाध्यक्ष मनीष साहू का आभार व्यक्त किया है।

### धर्म नगरी में मातृ-पितृ पूजन दिवस 14 को

**डोंगरगढ़।** आशाराम बापू की प्रेरणा से मातृ-पितृ पूजन दिवस आगामी 14 फरवरी को मनाया जाएगा। इसी क्रम में सर्व हिन्दू समाज ने सनातन धर्म-संस्कृति रक्षार्थ, महिमावान माता पिता के प्रति सदभावना जगाने और बच्चों को संस्कारवान बनाने शनिवार को प्रातः 11 बजे महावीर मंदिर प्रांगण में मातृ-पितृ पूजन कार्यक्रम आयोजित किया है। यह जानकारी देते हुए सर्व हिंदू समाज के बाल मुकुंद तराने, योग वेदांत समिति के नम्मू साहू, भगवती वर्मा ने सभी से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होने की अपील की है।

### 15 को मटन मार्केट बंद

**राजनांदगांव।** राज्य शासन के निर्देशानुसार महाशिवरात्रि पर्व के उपलक्ष्य में 15 फरवरी को नगर निगम सीमाक्षेत्र में स्थित पशुवध गृह एवं मटन मार्केट पूर्णरूपेण बंद रहेंगे। नगर निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा ने स्वास्थ्य विभाग को उक्त दिवस पर पशुवध एवं विक्रय कार्य पूर्णतः प्रतिबंधित सुनिश्चित करने कहा है। आयुक्त ने उक्त दिवस पर मांस विक्रय करते पाए जाने पर मांस जब्त करने, 5000 रुपए अर्थदंड वसूलने एवं यथोचित कानूनी कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं।

## मुख्यमंत्री कन्यादान योजना

# सामूहिक विवाह में 137 जोड़े परिणय सूत्र में बंधे

हरिभूमि न्यूज ⏭ मोहला

जिला मुख्यालय मोहला के मिनी स्टेडियम में बुधवार को खेल के बजाए एक अलग ही नजारा देखने मिला। मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के तहत आयोजित सामूहिक विवाह समारोह में 137 जोड़ों ने एक ही मंडप के नीचे वैवाहिक बंधन में बंधकर नव-दांपत्य जीवन की शुरुआत की। जिला प्रशासन एवं महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा आयोजित इस गरिमामय आयोजन ने उस समय और भी विशेष महत्व प्राप्त किया, जब प्रदेशभर में एक साथ कुल 6,412 जोड़ों का विवाह संपन्न कराया गया।



### गूंजे वैदिक मंत्र

समारोह का शुभारंभ भव्य बारात के साथ हुआ। विवाह मंडप में हरिद्रालेपन, जयमाला, सप्तपदी सहित सभी वैदिक रस्में विधि.विधान से संपन्न कराई गईं। हवन की सुगंधित आहुति और मंत्रोच्चार से पूरा परिसर आध्यात्मिक वातावरण से सराबोर हो गया। नवदंपत्तियों ने एक-दूसरे का हाथ थामकर नए जीवन का संकल्प लिया, जिससे समारोह स्थल भावुक और उत्साहपूर्ण माहौल से भर उठा।

### मुख्यमंत्री ने दिया आशीर्वाद

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से नवविवाहित जोड़ों को आशीर्वाद दिया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना गरीब एवं जरूरतमंद परिवारों के लिए महत्वपूर्ण साबित हो रही है। उन्होंने बताया कि वर्ष 2005 में तत्कालीन मुख्यमंत्री डॉ रमन सिंह ने इस योजना की शुरुआत की थी। प्रारंभिक सहायता राशि 5 हजार रुपये थी, जो अब बढ़ कर 50 हजार हो गई है।

### गरीबों के लिए योजना वरदान

विधायक इंद्रशाह मंडावी ने कार्यक्रम में शामिल होकर नवविवाहित जोड़ों को आशीर्वाद प्रदान कर सुखमय जीवन की कामना की। उन्होंने कहा कि यह योजना गरीब एवं आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लिए काफी मददगार साबित हो रही है। कार्यक्रम में जनपद अध्यक्ष गैंद कुंवर ठाकुर, पुष्पा मंडावी, पुनऊराम फुलकावरे, शंकर तिवारी, जिपं सदस्य नरसिंह भंडारी, शांति त्रिपुरे, रेखा कोठारी, सविता तिलक सोरी, नेहरू रजक, जिला भाजपा अध्यक्ष दिलीप वर्मा, अनिल गुप्ता सहित अन्य उपस्थित थे।

# जयंती पर निकाली कलश यात्रा लोगों ने माता का किया गुणगान

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगांव



गिरगांव में कलार सिन्हा समाज की आराध्य देवी माता बहादुर कलारिन की जयंती हर्षोल्लास तथा धूमधाम से मनाई गई। सुबह गाजे बाजे के साथ कलश यात्रा निकाली गई। दोपहर को विधिविधान से पूजा अर्चना कर उनके बलिदान को याद किया गया।

कलश यात्रा के दौरान माताएं बहनें सिर पर धारण कर शामिल हुई। राऊत नाचा के साथ स्वजातिय कलार समाज का गुलाबी झंडा लेकर चल रहे थे।

ग्राम भ्रमण करते हुए कलशयात्रा कार्यक्रम स्थल पहुंची, जहां पर सामाजिक पदाधिकारियों की उपस्थिति में अतिथियों का स्वागत किया गया। मुख्य अतिथि पूर्व जिपं अध्यक्ष दिनेश गांधी थे। इस दौरान कलार समाज के जिला अध्यक्ष शिवकुमार डड़सेना, जनपद सदस्य कुमानसिंह नेताम, निर्मला सिन्हा, बालकृष्ण सिन्हा, गंगाराम सिन्हा, पूनम सिन्हा, भागवत सिन्हा, गोकुल सिन्हा आदि उपस्थित थे।

उक्त मौके पर मुख्यअतिथि श्री गांधी ने कलार समाज को मेहनतकश और स्वाभिमानी समाज बताते हुए कहा कि समाज के लोगों ने प्रत्येक क्षेत्रों में अपनी सफलता सिद्ध की है। उन्होंने बताया कि माता की कर्मस्थली सोरर वंदनीय है। सोरर में एक अलग ही ऊर्जा का स्रोत है, जो कलार समाज के साथ अन्य को आगे बढने की प्रेरणा देता है। जिला अध्यक्ष शिवकुमार डड़सेना ने बताया कि पुरातन कॉल में माता बहादुर कलारिन की एक अलग ही कहानी है। उन्होंने नारी उत्थान के लिए अपने बेटे का बलिदान दिया था, जिसके कारण उन्हें बहादुरिन का नाम दिया गया।

### बच्चों ने दी प्रस्तुति

कार्यक्रम में महिला मंच अध्यक्ष निर्मला सिन्हा, महामंत्री गंगाराम सिन्हा, मंडलेश्वर भागवत सिन्हा, थनवार सिन्हा सहित अन्य वक्ताओं ने भी अपने विचार रखे। इस दौरान बालिकाओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। समाज की ओर से स्वागत उद्बोधन युवा प्रमुख लोकेश सिन्हा तथा आभार प्रदर्शन क्षेत्राधिकारी बिसौहा राम सिन्हा ने किया। इस मौके पर मोतीलाल सिन्हा, पूनाराम सिन्हा, कृष्णा सिन्हा, सुंदर सिन्हा, बुधु सिन्हा, आत्माराम सिन्हा, शिवकुमार सिन्हा, जगतू सिन्हा, संतराम सिन्हा, टीकम सिन्हा, सरपंच तिलेश्वरी सिन्हा सहित अन्य उपस्थित थे।

# मनाया फाइलेरिया दिवस



हरिभूमि न्यूज ⏭ तुमड़ीबोड़

उच्चतर माध्यमिक विद्यालय तिलईरवार में 10 फरवरी को राष्ट्रीय फाइलेरिया दिवस मनाया गया । विद्यालय के सभी छात्र-छात्राओं को फाइलेरिया से बचने गोली खिलाया गया। व्याख्याता थंगेश्वर साहू ने बताया कि फाइलेरिया दुनिया में विकलांगता और विरूपता बढ़ाने वाला सबसे बड़ा रोग फाईलेरिया है जो परजीवी रोग है। यह कृमि संक्रमित मच्छर के काटने से शरीर में प्रवेश करता है लसीका प्रणाली में पनप कर सूजन पैदा करता है। इस रोग से बचने के लिए उन्होंने परहेज के बारे में बताया। इस दौरान मितानिन राजेश्वरी शांडिल्य, अनुराधा ढोक, सरोज भुआर्य, पालक वर्मा, नोहरदास लिल्हारे, जितेंद्र कश्यप, राजेश नेताम, रिचा चंद्राकर, हेमीन ठाकुर, हरिचंद आदि

### अन्नदाता के चेहरे पर लौटेगी मुस्कान

**खुज्जी।** किसान नेता कैलाश शर्मा ने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की अध्यक्षता में हुई मंत्रिपरिषद की बैठक में समर्थन मूल्य पर धान बेचने वाले किसानों को अंतर की राशि होली से पहले एकमुश्त देने का जो निर्णय का स्वागत किया है। उन्होंने कहा कि यह एक घोषणा नहीं बल्कि अन्नदाता के प्रति सच्चे सम्मान की भावनात्मक अभिव्यक्ति है। उन्होंने बताया कि लगभग 10 हजार करोड़ की राशि सीधे 25 लाख से अधिक किसानों के खातों में जमा होगी। श्री शर्मा ने कहा कि भाजपा सरकार घोषणाएँ नहीं करती बल्कि काम करने पर भरोसा करती है। इसी समर्पण की वजह से खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 में 141.04 लाख मीट्रिक टन धान खरीदकर रिकॉर्ड कायम किया गया।

# जटाशंकर मंदिर में 15 को महाशिवरात्रि महोत्सव

■ चट्टानों के बीच विराजमान है शिवलिंग

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़



शिवधाम पर्वत के नाम से प्रसिद्ध जटाशंकर मंदिर इन दिनों श्रद्धा और आस्था का केंद्र बना हुआ है। आगामी 15 फरवरी को महाशिवरात्रि के अवसर पर यहां भव्य आयोजन की तैयारी की जा रही है। दो एकड़ से ज्यादा में फैली चट्टानों के बीच छोटे झाड़ के जंगल और प्राकृतिक वातावरण के बीच स्थित यह देव स्थल वर्षों से भक्तों की आस्था का प्रतीक रहा है।

श्री जटाशंकर ट्रस्ट समिति के कार्यक्रम संयोजक जितेंद्र सिंह ठाकुर ने बताया कि आगामी 15 फरवरी को शिवधाम पर्वत में महाशिवरात्रि पर्व श्रद्धा के साथ मनाया जाएगा। उन्होंने बताया कि श्रद्धालुओं के सहयोग से यहां सीढ़ियों का निर्माण किया गया है, जिसके माध्यम से लोग मंदिर पहुंचकर शिव के दर्शन कर सकते हैं। मंदिर के पंडित विकास चौधरी ने बताया कि छोटे झाड़ के जंगल में स्थित एक कोने में भगवान शिव स्वयंभू प्रगट है। स्थानीय जनश्रुति के अनुसार आसपास के कई पेड़ समय के साथ नष्ट हो गए, किंतु यह फिर भी सदस्यों के जागरूकता के चलते स्थल हरा-भरा और सुरक्षित है। यहां हजारों की तादाद में पारिजात के पौधे हैं।

यहां प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचकर पूजा-अर्चना करते हैं। सचिव भागवत नामदेव ने बताया कि महाशिवरात्रि पर्व के बाद इसी दिन रात में विशेष पूजा-अर्चना किया जाता है जो रात 9 समाप्त होती है। महाशिवरात्रि के अवसर पर मंदिर परिसर में रुद्राभिषेक, महामृत्युंजय जाप, भजन-कीर्तन किया जाएगा। मंदिर ट्रस्ट समिति के फाउंडर मेंबर सुषमा कोठारी ने बताया कि भक्तों के सहयोग से भोजन प्रसाद वितरण किया जाता है। उपवास करने वालों के लिए अलग से व्यवस्था किया जाता है।

# जनजोहर चौपाल का आयोजन



हरिभूमि न्यूज ⏭ बांधाबाजार

ग्राम थैली टोला में भाजपा किसान मोर्चा ने विकसित भारत गारंटी के रोजगार एवं आजीविका मिशन के तहत ग्रामीण जनजोहर चौपाल का आयोजन किया। चौपाल में ग्रामीणों को जनकल्याणकारी योजनाओं, रोजगार के अवसरों एवं आजीविका सशक्तिकरण से जुड़ी जानकारियाँ दी गईं। कार्यक्रम में जिला भाजपा अध्यक्ष दिलीप वर्मा, किसान मोर्चा अध्यक्ष अरुण यादव, संदीप मेश्राम, ढालसिंह कौशिक, मदन कौशिक, संतोष शुक्ला, योगेश कोड़पे, धरम पटवा, भागचंद सिन्हा, भगवत सिंहा सहित अन्य बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

# नए लेबर कानून के विरोध में सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़



लेबर कोड के प्रावधानों पर आपत्ति जताते हुए कांग्रेस ने अनुविभागीय अधिकारी को ज्ञापन सौंपकर वापस लेने की मांग की है। कांग्रेस नेताओं ने ज्ञापन ने कहा कि भाजपा सरकार ने नए लेबर कोड में अनेक ऐसे प्रावधान सम्मिलित किए गए हैं जो मजदूर एवं कर्मचारियों के हितों के प्रतिकूल हैं।

नए लेबर कोड लागू होने से कर्मचारियों की नौकरी की सुरक्षा में कमी आ सकती है। कार्य के घंटे बढ़ाए जाने की अनुमति दी जा सकती है इसी के तहत ट्रेड यूनियन के अधिकारों को सीमित किए जाने की संभावना है। कानून को वापस लने की मांग करते हुए ज्ञापन सौंपा गया। इस दौरान ब्लॉक अध्यक्ष हरीश भंडारी, शिशुपाल भारती, प्रदीप शर्मा, संध्या देशपांडे, संजीव गोमास्ता, जितेन्द्र सिंह भाटिया, दिनेश साखरे, जय किशोर अंबादे, रामजी तराने, के विनायक राव, अखिल कुरैशी, ओम प्रकाश महानदी, जगतारण यादव, संजय यादव, दुलीचंद बडोले, गणपत रजक, नरेश कारसे, रूपचंद खोबरागड़े, संजीव गुप्ता आदि उपस्थित थे।

### आंगनबाड़ी भवन जर्जर, कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

पालिका क्षेत्र के वार्ड 3 अंतर्गत सतनाम भवन के बाजू में स्थित आंगनबाड़ी भवन की जर्जर हो गया है। भवन की स्थिति से अवगत कराते हुए पार्षद के. विनायक राव ने गत दिनों कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। उन्होंने ज्ञापन में बताया कि आंगनबाड़ी भवन जर्जर अवस्था में है, जिससे बच्चों की सुरक्षा पर गंभीर खतरा मंडरा रहा है। पार्षद राव ने बताया कि भवन की छत दरक चुकी है और दीवारें कमजोर हो गई हैं। किसी भी समय गंभीर दुर्घटना होने की आशंका है जिससे अभिभावकों में चिंता का माहौल है। उन्होंने कलेक्टर से भवन का निरीक्षण कराने और नवीन भवन निर्माण की मांग की है।

# भाजपा ने पुण्यतिथि पर पं. उपाध्याय को किया नमन



हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

पं दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित करके नमन किया। इस दौरान वक्ताओं ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय केवल एक राजनेता नहीं, बल्कि एक विचारधारा थे। वह एकात्म मानववाद के प्रणेता थे जिन्होंने अंत्योदय का मंत्र दिया ताकि समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास पहुँचे। इस अवसर पर प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष रामजी भारती,सुरेंद्रर सिंह बन्नोवाना, सुनील जैन, प्रकाश चौरडिया, लक्ष्मी नारायण अग्रवाल, शहर भाजपा अध्यक्ष जसमीत सिंह बनोवाना, पालिका अध्यक्ष रमन डोंगरे, उमा महेश वर्मा, विनय बंसल, विनीत यादव, महिला मोर्चा अध्यक्ष सविता दरगढ़, अमित जैन, सरफराज नवाज, भागवत नामदेव, आकाश राजपूत, हिमांशु सेन सहित अन्य उपस्थित थे।

## कांग्रेस ने मनाया विधायक का जन्मदिन

# दी बधाई, 30 ने किया कांग्रेस प्रवेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगांव

कांग्रेस जनों ने विधायक दलेश्वर साहू का जन्मदिन उल्लास के साथ मनाया। इस मौके पर विधानसभा अध्यक्ष डां रमनसिंह, पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, नेता प्रतिपक्ष डां चरणदास महंत, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज, पूर्व उप मुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव सहित अन्य ने सोशल मीडिया के माध्यम से बधाई दी। ब्लॉक कांग्रेस द्वारा नगर में आयोजित कार्यक्रम में विभिन्न गांवों के लगभग 30 युवाओं ने कांग्रेस प्रवेश किया।

जन्मदिन के मौके पर गृहग्राम आलीवारा में विधायक श्री साहू ने लोगों से मुलाकात कर बधाई ग्रहण किया। कांग्रेस भवन में ब्लॉक अध्यक्ष टिकेश साहू के मार्गदर्शन में आयोजित जन्मदिन समारोह में विधायक का पुष्पहार से कांग्रेसजनो ने अभिनंदन किया। इस दौरान साहू संघ सहित विभिन्न समाजों के प्रमुखों ने उपहार भेंटकर जन्मदिन की बधाई दी। उक्त अवसर पर गुलाब वर्मा, मदन साहू, निखिल द्विवेदी, बलीराम साहू, सोनूराम साहू, जयश्री साहू, संध्या साहू, गणेश साहू, सुयश नाहटा, रोशन यदु, देशराज जैन, अजीत जैन, वीरेंद्र बोरकर, दिबिका साहू, डॉ नरेंद्र साहू, देवेंद्र साहू, जनक सिन्हा, खेमचंद साहू, हेमसिंग साहू, लिलेश पटेल, सुंदर साहू,राजेंद्र साहू, राजाराम पंचारी, सतीश वैष्णव, संजय मुटकुरे, चुम्मन साहू, मोहनीश साहू, रेशम साहू, लीलम गोस्वामी, कमल वैष्णव, महेंद्र वैष्णव, अखिलेश नखत, संजय संचेती, टाकेश साहू, संदीप रत्नाकर, दीपक देवांगन, मयंक यदु, भूषण देवांगन, प्रेम सिन्हा, डिलेश्वर साहू, टिंकू देवांगन, ललित साहू, पोहन साहू, जितेंद्र साहू, इंद्रकुमार, भीषण साहू, हरिशंकर सिन्हा, देवेंद्र साहू, पुष्पदेवी यदु, साधना गोस्वामी, अरुणा देवांगन, सुशीला साहू, वैशाली बोरकर, रंजू रत्नाकर, आरती व मासूम, रितेश राजपूत, प्रियंक जैन, पुष्पेंद्र, राकेश, अमित,अब्दुल सहित अन्य मौजूद थे।



### संगीतमय आयोजन

स्थानीय रेस्ट हाऊस में कांग्रेस पार्षद सद्दाम खत्री ने संगीतमय कार्यक्रम का आयोजन किया जिसमें विभिन्न कलाकारों ने सुमधुर गीत प्रस्तुत किया। इस दौरान ब्लाक के ग्राम चिचढो, ढीवानभेडी सहित अन्य ग्राम के लगभग 30 से अधिक युवाओं ने कांग्रेस प्रवेश किया। जिसमें गुलशन, कमलेश, खुमेश्वर, रुपेश, बसंत, लोकेश्वर,खुमन, प्रीत, आकाश, तीरथ, बादल, नोमेश, दीपक, मनोज, मुरली, कीर्तन, शंकर, हीरा, जितेंद्र, कुमेश, हुमन, धनेश्वर,प्रेम सहित अन्य शामिल हैं।

# उपभोक्ताओं ने जाना स्मार्ट मीटर के फायदे

**अर्जुनी।** छत्तीसगढ़ स्टेट पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी ने आमजनों को स्मार्ट मीटर की विविध सुविधाओं का लाभ दिलाने के लिए स्मार्ट मीटर पखवाड़ा के तहत जागरूकता अभियान शुरू किया है। अभियान के तहत विद्युत उपभोक्ताओं को आधुनिक बिजली सेवाओं के लिए प्रेरित करते हुए स्मार्ट मीटर के माध्यम से पारदर्शिता और दक्षता को प्रोत्साहित कर उन्हें अपने मोबाइल के माध्यम से स्मार्ट मीटर में दर्ज खपत को देखने और उनके अनुसार ऊर्जा की बचत करने के तरीके की जानकारी दी जा रही है। ग्राम के विद्युत कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में अधिकारियों ने उपभोक्ताओं को स्मार्ट मीटर की कार्यप्रणाली, सटीक बिलिंग, रियल-टाइम खपत निगरानी एवं ऊर्जा संरक्षण के महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उपभोक्ताओं की जिज्ञासाओं का समाधान कर उन्हें बिजली के कुशल उपयोग हेतु प्रेरित किया गया।



### 23 तक चलेगा अभियान

विद्युत मंत्रालय द्वारा जारी निर्देश के परिपालन में 9 से 23 फरवरी तक स्मार्ट मीटर पखवाड़ा का आयोजन किया जा रहा है। यह अभियान रिवैम्प्ड डिस्ट्रीब्यूशन सेक्टर स्कीम अंतर्गत संचालित किया जा रहा है, जिसका उद्देश्य उपभोक्ताओं को बेहतर और पारदर्शी विद्युत सेवाओं के साथ वितरण कंपनियों की वित्तीय स्थिति को मजबूती प्रदान करना है।





विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### ट्राइसिकल दिलाने का आश्वासन

**डोंगरगढ़।** दिव्यांग कल्याण संगठन खैरागढ़ के पदाधिकारियों ने विधायक हर्षिता स्वामी बघेल से मुलाकात कर दिव्यांगजनों की विभिन्न समस्याओं से अवगत कराया और मांग पत्र सौंपा। इस दौरान संगठन ने पेट्रोल चलित ट्राइसाइकिल उपलब्ध कराने की मांग रखी। पदाधिकारियों ने बताया कि खैरागढ़ क्षेत्र में बड़ी संख्या में दिव्यांग निवास करते हैं जिन्हे आवागमन में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है यदि नाकोडा पेट्रोल चलित ट्राइसाइकिल मिल जाती है, तो दिव्यांग आत्मनिर्भर होंगे और वह दैनिक कार्य सुचारू रूप से कर पाएंगे। विधायक बघेल ने पदाधिकारियों की बातों को गंभीरता से सुना और समस्याओं के समाधान का आश्वासन दिया। इस अवसर पर संगठन के अध्यक्ष आशीष साहू, उपाध्यक्ष देवलाल वर्मा, कोषाध्यक्ष दुर्गेश साहू, सचिव घनश्याम कंवर सहित अन्य उपस्थित थे।

### नर्मदा में उपाध्याय की जयंती मनी

**सड़क अतरिया।** नर्मदा मंडल में



बुधवार को पं दीनदयाल उपाध्याय की जयंती मनाया गया। इस मौके पर उनके तैलचित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजली अर्पित किया गया। उनके आदर्श, विचार, सिद्धांत आदि पर प्रकाश डाल कर आत्मसात करने प्रेरित किया गया। इस अवसर पर जिला पंचायत उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह, अध्यक्ष प्रतिनिधि खम्हन ताम्रकार, मंड़ल अध्यक्ष आनंद पटेल, राकेश ठाकुर, आनंद सिन्हा, डोमार सिंह भेड़िया, ज्योति जंघेल, रवि भवनानी, खेलन वर्मा, बालकिशन वर्मा, लीला राम, सुरेन्द्र जंघेल, युवराज, संदीप, दीना राम अन्य भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### हेल्थ केयर के विद्यार्थियों को प्रशिक्षण



**जेवरतला रोड।** उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पिनकापार की कक्षा 11वीं एवं कक्षा 12वीं व्यावसायिक पाठ्यक्रम के 44 विद्यार्थियों ने प्राचार्य केके साहू के नेतृत्व एवं व्यावसायिक प्रशिक्षक तेजनारायण साहू के मार्गदर्शन में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पिनकापार में 10 दिवसीय इंटर्नशिप प्रशिक्षण प्राप्त किया। प्रशिक्षण के दौरान विद्यार्थियों ने बेड मेकिंग, संकेत की जांच, मरीजों का बेसिक केयर, शुगर, बीपी जांच, इंजेक्शन, ड्रिप लगाना, बायोमेडिकल वेस्ट मैनेजमेंट का निरीक्षण की जानकारी हासिल किया। स्वास्थ्य और उपचार से संबंधित सहायक सामग्रियों की जानकारी हासिल किया। इंटर्नशिप के दौरान कक्षा ग्यारहवीं के विद्यार्थियों ने पोस्टर प्रेजेंटेशन के माध्यम से मधुमेह तथा बारहवीं के विद्यार्थियों ने सर्दी और खांसी क मरीज तथा उनके परिजनों को जागरूक किया। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के डॉ. उदय तिवारी, प्रियंका आदि ने प्रशिक्षण दिया।

### जस गायन व झांकी स्पर्धा का आयोजन

**अर्जुनी।** नव जागृति सेवा भजन मंडली रूपाकाठी के तत्वावधान में दो दिवसीय जस गायन एवं झांकी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। शुभारंभ के बाद विभिन्न जस झांकी मंडलियों ने सुमधुर प्रस्तुति से सबका मन मोह लिया। रविवार को समापन जिला पंचायत के पूर्व अध्यक्ष दिनेश गांधी के आतिथ्य में हुआ। अध्यक्षता जनपद अध्यक्ष रंजीता पड़ोती ने की। विशेष अतिथि अर्जुनी भाजपा मंडल महामंत्री अजय वैष्णव, जनपद सदस्य दीपक पटेल, डॉ हंसराज सोनकर, भाविश निक्की, सुंदरलाल साहू थे। इस मौके पर श्री गांधी ने कहा कि धार्मिक आयोजन से समाज में स्वस्थ आचरण व अच्छे संस्कार उत्पन्न होते है। इस तरह के आयोजन जनमानस में धर्म के प्रति सजगता बढाते है। इस मौके पर दिगेश्वर यादव, ईश्वर साहू, मालिक राम, कुंवरसिंह माहला सहित अन्य मौजूद थे।

---

### सामाजिक बहिष्कार से परेशान होकर आत्मदाह करने का मामला

# सामाजिक बहिष्कार प्रकरण की जांच करने अधिकारी पहुंचे गांव

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

चार दिन पहले कलेक्टोरेट परिसर में सामाजिक बहिष्कार से परेशान अधेड़ द्वारा केरोसीन डालकर आत्मदाह करने के मामले को जिला प्रशासन ने गंभीरता से लेते हुए पूरे प्रकरण की विवेचना शुरू कर दी है।

ब्लाक के ग्राम ग्राम कटंगी निवासी शीतलाल निर्मलकर ने बीते सोमवार सामाजिक बहिष्कार से परेशानी और आवेदन के बाद भी कोई कारवाई नही होने से नाराजगी जाहिर करते हुए कलेक्टोरेट परिसर में केरोसीन छिड़ककर आग लगा ली थी हालांकि मौके पर मौजूद लोगों की तत्परता के चलते शरीर को आग से ज्यादा नुकसान नही हुआ, लेकिन इस मामले को जिला प्रशासन ने गंभीरता से लेते हुए त्वरित हस्तक्षेप किया। एसडीएम व एसडीओपी की संयुक्त उपस्थिति में ग्राम पंचायत भवन में



बड़ा हादसा टला..सामाजिक बहिष्कार से परेशान था

न्याय की गुहार से परेशान होकर ग्रामीण ने की कलेक्टोरेट में आत्मदाह की कोशिश

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

कलेक्टोरेट परिसर में उस समय सनसनी फैल गई, जब एक अधेड़ व्यक्ति ने खुद पर मिट्टी तेल डालकर आग लगाने का प्रयास किया। दिनदहाड़े हुई इस घटना से पूरे परिसर में अफरा-तफरी मच गई। मौके पर मौजूद पुलिसकर्मियों और कर्मचारियों की तत्परता से स्थिति पर काबू पा लिया गया और एक बड़ा हादसा टल गया।

अधेड़ की पहचान शीतलाल निर्मलकर निवासी गंडई के ग्राम कटंगी निवासी के रूप में हुई है। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक शीतलाल अचानक कलेक्टोरेट परिसर पहुंचा और खुद पर मिट्टी तेल उड़ेलकर आग लगाने की कोशिश करने लगा। यह देख वहां मौजूद अधिकारी-कर्मचारी और आम नागरिक सन्न रह गए। तत्काल हरकत में आई पुलिस ने उसे रोककर सुरक्षित किया। इस दौरान वह हल्का झुलस गया, जिसे बाद में उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया, जहां उसकी हालत स्थिर बताई जा रही है। बताया जा रहा है कि शीतलाल लंबे समय से अपने गांव में कथित सामाजिक बहिष्कार का सामना कर रहा था। उसने आरोप लगाया है कि कुछ प्रभावशाली लोगों ने उसे और उसके परिवार को सामाजिक रूप से अलग-थलग कर दिया। जिससे उसके बच्चों की पढ़ाई और परिवार की रोजमर्रा की जिंदगी प्रभावित हो रही है।

लगातार शिकायतों के बाद कार्रवाई नहीं

पीड़ित का कहना है कि उसने इस मामले में स्थानीय थाना, कलेक्टर कार्यालय, गृह विभाग और मानवाधिकार आयोग तक शिकायतें की है, लेकिन कहीं से भी ठोस कार्रवाई नहीं हुई। न्याय न मिलने और लगातार मानसिक दबाव के चलते उसने यह कदम उठाने का प्रयास किया। घटना के बाद पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। वहीं जिला प्रशासन ने भी शिकायतों की पुनः समीक्षा करने की बात कही है। घटना ने एक बार फिर प्रशासनिक संवेदनशीलता, ग्रामीण इलाकों में सामाजिक बहिष्कार और न्याय तक आम नागरिक की पहुंच पर गंभीर सवाल खड़ा कर दिया है।

विशेष बैठक कर सरपंच, पंचगण, रजक समाज के प्रतिनिधि सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणों की उपस्थिति में अधिकारियों ने स्पष्ट रूप से कहा कि किसी भी व्यक्ति या परिवार का सामाजिक बहिष्कार करना, दबाव बनाना या सामुदायिक भेदभाव करना कानूनन दंडनीय अपराध है। ऐसे मामलों में संबंधित व्यक्तियों के विरुद्ध कड़ी वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। प्रशासन ने दो टूक कहा कि गांव की शांति और सामाजिक समरसता से खिलवाड़ किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

#### कानून हाथ में लेना उचित नहीं

ग्रामीणों को समझाइश देते हुए उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार के विवाद, मतभेद या सामाजिक असहमति की स्थिति में कानून हाथ में लेना उचित नहीं है। समस्याओं का समाधान संवाद, आपसी सहमति और पंचायत व प्रशासनिक माध्यम से ही किया जाना चाहिए। उन्होंने सभी पक्षों की बातें गंभीरता से सुनीं और आपसी समझ एवं सहयोग से विवाद सुलझाने पर बल दिया। बैठक में ग्रामीणो ने प्रशासन को आश्वस्त किया कि भविष्य में इस प्रकार की स्थिति उत्पन्न नहीं होने दी जाएगी। उन्होंने आपसी भाईचारा, सौहार्द एवं शांति बनाए रखने का संकल्प दुहराया। वही प्रशासन ने स्पष्ट किया कि क्षेत्र में कानून-व्यवस्था की स्थिति पर सतत निगरानी रखी जाएगी और किसी भी प्रकार की अवांछित गतिविधि सामने आने पर तत्काल कार्रवाई की जाएगी।

---

# राष्ट्रीय संगोष्ठी में आमंत्रित हुए प्रोफेसर राजन यादव



हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

सिवनी बरघाट के शासकीय कालेज में आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय सेमीनार मे इन्दिरा कला संगीत विवि के कला संकाय अधिष्ठाता प्रो राजन यादव उद्घाटन सत्र के अध्यक्ष के रूप में आमंत्रित हुए।

जनजाति लोक कला व बोली विकास भोपाल मप्र के निदेशक डॉ धर्मेंद्र पारे संगोष्ठी के मुख्य अतिथि थे। भारतीय लोक साहित्य व संस्कृति के विविध रूप विषय पर आयोजित संगोष्ठी में प्रो राजन यादव ने कहा कि परंपरागत लोक साहित्य किसी एक व्यक्ति की रचना का परिणाम नहीं है। भारतीय संस्कृति को आत्मा लोक-संस्कृति ने दी है और उसकी आत्मा भारत की साधारण जनता है जिनकी अटपटी वाणी ने लोकसाहित्य को सहेजा, संवारा और आकार प्रकार दिया। संस्था प्राचार्य डॉ बीएल इनवाती ने प्रो राजन यादव को अभिनन्दन पत्र व शाल भेंट किया। संचालन संगोष्ठी संयोजक डॉ प्रदीप त्रिवेदी ने किया।

---

# आस्था का उमड़ा सैलाब, हनुमंत महाअभिषेक श्रद्धा के साथ सम्पन्न

**खैरागढ़।** परम तपस्वी संत रुख्खड़ स्वामी के आराध्य दक्षिणमुखी हनुमान जी के पावन सान्निध्य में आयोजित भव्य हनुमंत महाअभिषेक श्रद्धा, भक्ति और आध्यात्मिक उल्लास के साथ हुआ। प्रातःकाल से ही मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं का आगमन प्रारंभ हो गया था और देखते ही देखते पूरा परिसर भक्तों से भर गया। वेदाचार्यों के सान्निध्य में विधि-विधानपूर्वक पूजा-अर्चना आरंभ हुई। पंचामृत, गंगाजल, दुग्ध, दधि, धृत, शहद, चंदन व सुगंधित द्रव्यों से श्री हनुमान जी का अभिषेक किया गया। मंत्रोच्चार और शंखध्वनि के बीच जय श्री राम और बजरंग बली की जय के उद्घोष से वातावरण भक्तिमय हो उठा। श्रद्धालुओं ने क्रमवार अभिषेक में सहभागिता कर अपने परिवार की सुख-समृद्धि, आरोग्यता और क्षेत्र की शांति की कामना की। इस दौरान सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ व विशेष आरती का आयोजन भी किया गया। दीपों की रोशनी और भक्ति संगीत से मंदिर परिसर आध्यात्मिक ऊर्जा से ओतप्रोत रहा। कई श्रद्धालुओं ने इसे आत्मिक शांति और सकारात्मक ऊर्जा का अद्भुत अनुभव बताया। समिति पदाधिकारियों ने बताया कि हनुमंत महाअभिषेक का उद्देश्य समाज में धर्म, सेवा और संस्कारों की भावना को सुदृढ़ करना है। अंत में महाप्रसाद वितरण के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। समिति ने सभी श्रद्धालुओं, यजमानों एवं सहयोगियों का आभार व्यक्त करते हुए भविष्य में भी ऐसे आध्यात्मिक आयोजनों में सहभागिता की अपील की।

# तुर्रेगढ़ में आंगनबाड़ी केंद्र का भूमिपूजन

**छुरिया।** ग्राम पंचायत तुर्रेगढ़ में आंगनबाड़ी केंद्र



भूमिपूजन संपन्न हुआ। इस मौके पर भाजपा नेता जगजीतसिंह भाटिया, जनपद अध्यक्ष संजय सिन्हा, हरीला चंद्रवंशी, दीपक कलामे उपस्थित थे। इस मौके पर श्री भाटिया ने कहा आंगनबाड़ी केंद्र के निर्माण से बच्चों को आगे बढ़ने का मौका मिलेगा। यहां गर्भवती महिलाओं और किशोरियों को मार्गदर्शन मिलेगा। ग्रामीणों को हरीला चन्द्रवंशी ने भी संबोधित किया। अंत में श्री कलामे ने आभार प्रकट किया। इस अवसर कौशल चंद्रवंशी एवं पंच मौजूद थे।

# वार्षिकोत्सव में मेधावी छात्र सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

प्राथमिक शाला तोतलभर्री में संकुल स्तरीय वार्षिकोत्सव का आयोजन किया गया। इस दौरान स्वागत गीत, गणेश वंदना, बस्तरिया मोर संगवारी, राउत नाचा, गौरा गौरी, साउथ इंडियन डांस आदि की प्रस्तुति बच्चों ने दी।

उपस्थित अतिथियों ने बच्चों को नगद राशि से पुरुस्कृत किया। कार्यक्रम के दौरान परिधि सिन्हा, दिव्यांश, अतुल, गोदावरी, एंजेल वर्मा, छबि, संध्या, पुणेश, रूद्र यादव, आनंद साहू, देवेश वर्मा, जानवी पटेल, गीतांजलि वर्मा, आराध्या वर्मा, महेंद्र साहू को मेडल पहनाकर सम्मानित किया गया।



कार्यक्रम में जनपद सदस्य नीरजबाई, तेजराम छेदैया, सुरेश सिन्हा, सरपंच कविता मंडावी, संजय उइके, एबीईओ गोपीराम वर्मा, प्राचार्य अर्पण जामुलकर, सुकालू वर्मा, शीतलसिंह ठाकुर, करुणा वर्मा, शिवराम वर्मा, डीके खाड़े, मदन मंडावी, महेश सिन्हा, धनराज वर्मा, डीके नागर, ऊभेराम वर्मा, गंगूराम, प्रकाशचंद वर्मा, वीरेंद्र मंडावी, रेखराम यादव, डॉ. बहुरन जंघेल, कामता पडोटी, शिव मंडावी, भागवत मंडावी, मनोज यादव, टिकेश्वर नेताम, सातोबाई, रामबाई, टिकेश्वरी वर्मा आदि उपस्थित थे।

---

# पंचायतों में कृषि चौपाल का आयोजन 16 से

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

किसानों को शासन की विभिन्न योजनाओं की जानकारी देने और योजनाओं का अधिकतम लाभ सुनिश्चित कराने जिला कलेक्टर इंद्रजीत सिंह चंद्रवाल के मार्गदर्शन में 16 से 27 फरवरी तक जिले के समस्त ग्राम पंचायतों में कृषि चौपाल का आयोजन किया जा रहा है।

चौपाल का मुख्य उद्देश्य प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना से संबंधित समस्याओं का निराकरण करना, शेष पात्र किसानों का सत्यापन कर नवीन पंजीयन सुनिश्चित करना है। योजना तहत पंजीकृत पात्र कृषक परिवारों को कृषि आदान सामग्री की पूर्ति के लिए हर साल तीन समान किश्तों में 6 हजार रूपयों की आर्थिक सहायता सीधे उनके बैंक खातों में दी जाती है। उप संचालक कृषि राजकुमार सोंलकी ने बताया कि जिले में वर्तमान में 64 हजार 664 किसान प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना से लाभान्वित हो रहे हैं। कृषि चौपाल के दौरान किसानों को पंजीयन की स्थिति, ई-केवायसी, भूमि विवरण अद्यतन, बैंक खाते में आधार सीडिंग, संदिग्ध पंजीयनों की पहचान, सत्यापन व एग्री-स्टैक के माध्यम से फार्मर आईडी निर्माण की जानकारी दी जा रही है, ताकि किसान भविष्य में भी योजना का निरंतर लाभ प्राप्त कर सकें।

उप संचालक कृषि राजकुमार सोलंकी ने बताया कि इसके अतिरिक्त पीएम-किसान योजना अंतर्गत पंजीकृत 18 से 40 आयु वर्ग के लघु व सीमांत किसानों को प्रधानमंत्री किसान मानधन योजना के बारे में जानकारी देते हुए ग्राहक सेवा केन्द्रों के माध्यम से उनका पंजीयन भी कराया जा रहा है। इस योजना के तहत पात्र किसानों को 60 साल की आयु पूर्ण होने पर मासिक पेंशन का लाभ प्रदान किया जाता है। वहीं प्रधानमंत्री अन्नदाता आय संरक्षण अभियान योजना अंतर्गत न्यूनतम समर्थन मूल्य पर चना, मसूर व सरसों फसलों की खरीदी संबंधी जानकारी भी चौपाल में देकर पंजीयन की प्रक्रिया कराई जा रही है। कृषि विभाग ने सभी पात्र किसानों से अपील की है कि वे अपने ग्राम पंचायत में आयोजित कृषि चौपाल में उपस्थित होकर योजनाओं की जानकारी प्राप्त करें।

आवश्यक दस्तावेजों के साथ पंजीयन/सत्यापन की प्रक्रिया पूरा कराकर योजनाओ का लाभ ले।

# 'से टू नो' सेमिनार का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

युगांतर पब्लिक स्कूल के तत्वावधान में कॅरियर निर्माण हेतु एक सफल सेमिनार का आयोजन किया गया। जिसकी मुख्य वक्ता एसपी अंकिता शर्मा शामिल थी। प्राचार्य मधुसुदन नायर ने सुश्री शर्मा का परिचय दिया।



एसपी सुश्री शर्मा ने अपने वक्तव्य का प्रारंभ अपने जीवन की संघर्षमयी घटनाओं से किया। उन्होंने छात्र-छात्राओं को बताया कि कभी भी अपने जीवन का लक्ष्य निर्धारित करते समय यह ध्यान रखना चाहिए कि वह लक्ष्य आपको सदैव प्रेरित करता रहे। आप यह ध्यान रखें कि आप चाहे डॉक्टर बने, इंजीनियर बनें, सीए बने या कोई अन्य पद हासिल करने की इच्छा रखें, सबसे पहले आप यह सोंचे कि यदि आप इन पदों तक ही सीमित रहे तो विश्व-नियंता कौन बनेगा, कौन समाज, देश या विश्व को चलाएगा?

विद्यार्थियों के प्रश्नों का उत्तर देते उन्होंने कहा कि छात्रों में आत्मविश्वास भरा होना चाहिए। आत्मविश्वास ही वह अस्त्र है। जिसके बल पर किसी भी चुनौती का आप डटकर सामना कर सकते हैं, लेकिन कुछ ऐसी बातें भी हैं, जिससे बचना होगा और वे बाते हैं ड्रग्स को 'नो' कहना, मोबाइल से दूर रहना। अपने भीतर सिविक सेंस को डेवलप करना सबसे जरूरी है। इसे डेवलप करने के बाद डिसिप्लिन खुद-ब-खुद आ जाती है, बालिकाओं या महिलाओं के साथ जो अभद्रता की जाती है, उसका प्रतिकार कैसे करना चाहिए? छात्राओं को पढ़ाई के साथ एक हॉबी अपनानी चाहिए। जिसमें सेल्फ डिफ़ेंस शामिल हो। अभद्रता करते समय 'नो' कहना और उसका प्रतिकार करना सीखें। कभी भी अभद्रता या गलत टिप्पणी सुनने या सहने की आदत न डालें अन्यथा यही आदत गलत लोगों को वैसा करने के लिए प्रश्रय देती है। उन्होंने कहा कि गलत का उत्तर तभी दें सकती हैं, जब आप शारीरिक रूप से सक्षम हों। उन्होंने माता-पिता और गुरुजनों का सम्मान करने की सीख दी। उन्होंने कहा कि जब जीवन में मुश्किलें आती है, माता-पिता और गुरुजन ही सहायक होते हैं। मित्र कभी काम नहीं आते और मित्र बनाना है तो उसका भी सही चुनाव होना चाहिए। किसी को भी मित्र न बनाएं। उन्होंने सदैव अच्छी पुस्तकें पढ़ने और उनसे ज्ञान प्राप्त करने पर जोर दिया। पुस्तकों का चुनाव भी सही होना चाहिए। छात्र अनुज चांडक को उन्होंने एक पुस्तक भेंट करने को भी कहा। इस अवसर पर विद्यालय के निदेशक (अकेडमिक्स) सुशील कोठारी, वाइस चेयरमैन अखराज कोटड़िया, सेक्रेटरी विनय डड्ढा, कोषाध्यक्ष मिश्रीलाल गोलछा, निदेशक (अकेडमिक्स) नरेंद्र कोटड़िया उपस्थित

# शुभकामना संदेश के साथ दी विदाई, सौंपा ज्ञानदीप

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी/हिंदी माध्यम शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक शाला में कक्षा 11 वीं की छात्राओं ने बारहवीं की छात्राओं को शालेय परंपरा का पालन करते हुए विदाई दी। प्राचार्य डॉ कमलेश्वर सिंह ने मां सरस्वती की पूजा अर्चना किया।

बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम सहित भाषण, कविता खेल का आयोजन किया। बारहवीं की छात्राओं ने ज्ञानदीप सौंपा और अपने अपने अनुभव सहित भावनात्मक जुड़ाव को यादगार बताते हुए उच्च शिक्षा की दिशा में पहला कदम बताया। प्राचार्य डॉ कमलेश्वर सिंह ने कहा कि बच्चे स्वभाव से नटखट होते है परंतु मतलब यह नहीं होता कि हम रोकना टोकना छोड़ दे। छात्र छात्राओं को सही दिशा निर्देश देना शिक्षक का काम है और वह यही चाहता है कि छात्र छात्राएं सही रास्ते पर लक्ष्य बनाकर चले। उसे हासिल करने कार्ययोजना बनाए और उसे क्रियान्वित करने बेहतर रणनीति तैयार करें तभी उच्च परिणाम तक पहुंच सकते है। कमलेश्वर सिंह ने कहा कि गुरु को सभी देवताओं से श्रेष्ठ माना गया। सबसे बड़े गुरु माता पिता है।

बच्चों पर माता पिता और गुरु का आशीर्वाद हमेशा बना रहता है संस्कारिक, नैतिक, ईमानदार होने के साथ चरित्रवान होना आवश्यक है और यही हमारी ज्ञान पूंजी है। इस अवसर पर शाला के हिन्दी अंग्रेजी माध्यम समस्त स्टाफ कुणाल टंडन, अखिलेश श्रीवास्तव, विनीता सिंह, गिरिवर कोसरे, गुंजन सिंह, नीलू सिंह, प्रांजल सिन्हा, सिमरन कौर, मेघा उपाध्याय, संगीता ठाकुर, सत्यप्रकाश राठौर,मनोज पटेल, निलय दास, सोनिया मसीह, प्रज्ञा कामड़े, उत्तरा साहू सहित अन्य उपस्थित थे।

---

### जिला स्तरीय परामर्शदात्री व पुनरीक्षण समिति की बैठक

# ऋण प्रकरणों व डिजिटल लेन देन पर बल

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

कलेक्टर इंद्रजीत सिंह चंद्रवाल की अध्यक्षता में जिला स्तरीय परामर्शदात्री व पुनरीक्षण समिति की महत्वपूर्ण बैठक में जिले के विभिन्न बैंक शाखाओं द्वारा संचालित योजनाओं की प्रगति, लंबित ऋण प्रकरण, बीमा दावों के निपटान, डिजिटल लेन-देन की स्थिति व निष्क्रिय खातों की विसतार से समीक्षा की गई।

कलेक्टर ने सभी बैंक शाखाओं को ऋण प्रकरणों की समयसीमा में स्वीकृति व वितरण सुनिश्चित करने विशेष रूप से व्यक्तिगत, सूक्ष्म एवं लघु उद्यमियों के प्रकरणों का त्वरित निपटान करने पर जोर दिया गया। उन्होंने पीएमईजीपी, पीएमएफएमई व मुद्रा योजनाओं के स्वीकृत प्रकरणों में तेजी लाने का निर्देश देते हुए कहा कि पात्र हितग्राहियों को बिना विलंब लाभ मिलना चाहिए।

मत्स्य पालन एवं पशुपालन विभाग के उप संचालकों को अधिक से अधिक प्रकरण बैंक शाखाओं में प्रेषित करने कहा ताकि ग्रामीणों, स्वरोजगारकर्ताओं व छोटे उद्यमियों को वित्तीय सहायता मिल सके। बैठक में डिजिटल बैंकिंग सेवाओं की समीक्षा दौरान कलेक्टर ने ग्रामीण क्षेत्रों में डिजिटल लेन-देन, नगदरहित भुगतान व ऑनलाइन बैंकिंग को बढ़ावा देने पर बल दिया। साथ ही निष्क्रिय खातों को पुनः केवाईसी के माध्यम से सक्रिय करने, जनता के डीईएएफ खातों के क्लेम का शीघ्र निपटान सुनिश्चित करने का निर्देश दिया वही शासकीय विभागों के निष्क्रिय खातों को भी सक्रिय कर शीघ्र निस्तारण करने कहा। पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के अंतर्गत लंबित ऋण प्रकरणों के संबंध में सीएसपीडीसीएल के अधिकारी को निर्देशित किया कि बैंक से समन्वय बनाकर प्रकरणों का त्वरित निपटान सुनिश्चित करें। उन्होने योजनाओं के प्रभावी क्रियांवयन को लेकर विभाग व बैंक के बीच समन्वय, सतत निगरानी व पारदर्शिता को आवश्यक बताते हुए सभी को मिलकर काम करने कहा ताकि शासन की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंच सके। बैठक में नाबार्ड द्वारा विभिन्न योजनाओं की जानकारी प्रस्तुत की गई।

बैठक में जिपं सीईओ प्रेम कुमार पटेल, आरबीआई के एलडीओ सदानंद बास्के, नाबार्ड के डीडीएम हर्ष देशमुख, एलडीएम सीएस ठाकुर सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी सहित सभी बैंक शाखा प्रबंधक उपस्थित रहे।

#### कार्यशाला में परीक्षा की तैयारी पर चर्चा

**जेवरतला रोड।** बोर्ड परीक्षा में शामिल होने वाले विद्यार्थियों के लिए उच्चतर माध्यमिक विद्यालय टटेंगा में कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला में ड परीक्षा में अच्छे अंक प्राप्त करने तथा परीक्षा के दौरान खान-पान पर चर्चा की गई। प्राचार्य आरके देवांगन में फिल्म दिखाकर तथा अपने प्रेरक प्रसंगों के माध्यम से विद्यार्थियों को प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि पढ़ाई की तैयारी बिना दबाव के करना चाहिए। व्याख्याता हेपशीबा एंथोनी ने परीक्षा के दौरान रखी जाने वाली सावधानियां पर चर्चा की। उन्होंने लाल और हरी स्याही का उपयोग नहीं करने कहा। व्याख्याता पवन सिन्हा ने कहा कि पेपर चाहे जैसा भी बने बाहर निकालने के बाद गलत कदम न उठाएं। व्याख्याता रेशमी साहू ने पुराने पेपर तथा सैंपल प्रश्न पत्र को अच्छे से हल करने प्रेरित किया। संचालन व्याख्याता अजय पाठक ने किया।

मस्तिष्क, नस एवं स्पाइन
राजनांदगांव रोग विशेषज्ञ में उपलब्ध
महीने के प्रत्येक शनिवार
दोप. - 3:30 बजे से 4:30 बजे तक
राजनांदगांव मेडिकोज, सतनाम भवन न्यू बस स्टैंड के पास
7869899833, 8871626367
डॉ. कुलदीप सिंह
Dr. Kuldeep's BRAIN AND SPINE CLINIC
24x7 EMERGENCY SERVICE
CALL- 6261500981
MBBS , MS , Mch ( Neuro)
प्रतिदिन उपलब्ध
शिवाय मेडिकोज डॉ. बघेल पॉलीक्लिनिक के सामने न्यू बस स्टैंड दुर्ग

## सार समाचार

### तीन दिवसीय कबीर सत्संग का आयोजन 14 से

**राजनांदगांव** । समस्त ग्राम वासियों के द्वारा बालोद जिले के अर्जुन्दा तहसील अंतर्गत ग्राम देवरी में 14 से 16 फरवरी तक तीन दिवसीय कबीर सत्संग का आयोजन किया जा रहा है। ग्राम देवरी (द) के पुराना पारा में संत श्रीधर्मेन्द्र साहेब जी अपनी संत मंडली सहित कबीर पारख संस्थान कबीर नगर प्रयागराज (उ.प्र.) से पधार रहे है। ग्रामवासियों ने सभी धर्म प्रेमियों से सत्संग में शामिल होने कपिल की है। प्रवचन प्रतिदिन सुबह 10 से दोपहर 1 बजे तक एवं दोपहर 3 बजे से शाम 5 बजे तक आयोजित किया गया है।

### नए विद्युत सबस्टेशन को मिली प्रशासनिक स्वीकृति

**राजनांदगांव**। अर्जुनी क्षेत्र की जिला पंचायत सदस्य एवं प्रदेश कांग्रेस की संयुक्त महामंत्री श्रीमती विभा साहू के प्रयासों से रामपुर को बड़ी सौगात मिली है। मुख्यमंत्री विद्युत अधोसंरचना विकास योजना (एसटीएन) के तहत के रामपुर गांव में नए विद्युत सबस्टेशन के निर्माण को प्रशासनिक स्वीकृति मिल गई है।



इस स्वीकृति से क्षेत्र के ग्रामीणों में हर्ष का माहौल है। गौरतलब है कि विगत सात अगस्त को जिला पंचायत सदस्य श्रीमती विभा साहू ने छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत मंडल राजनांदगांव के कार्यपालक निदेशक शिरीष सेलेट, सहायक अभियंता प्रकाश वर्मा, कनिष्ठ अभियंता शिव कुमार गायकवाड़ से मुलाकात कर रामपुर क्षेत्र में सबस्टेशन की आवश्यकता को प्रमुखता से उठाया था। इस दौरान उनके साथ जनप्रतिनिधियों का मजबूत प्रतिनिधिमंडल भी मौजूद रहा, जिसमें प्रमुख रूप से जनपद सदस्य रेशम लाल साहू, सरपंच भूपेंद्र साहू जंगलपुर, सूर्यकांत साहू घोरदा, रेखा निषाद मेढ़ा, संजय साहू, मोहन साहू, तुलेश सोनकर, तोमेश साहू सहित अन्य ग्रामीण शामिल थे।

### नए श्रम नियमों से श्रमिक असुरक्षित : अनीस खान

**राजनांदगांव**। जिला कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता अनीस खान ने बयान जारी कर कहा है कि भाजपा की अगुवाई वाली केंद्र सरकार द्वारा लागू



किए जा रहे नए श्रम सुधार देश के करोड़ों श्रमिकों और कर्मचारियों के हितों के विरुद्ध हैं। सुधार के नाम पर स्थायी रोजगार की अवधारणा को कमजोर किया जा रहा है और दशकों पुरानी कानूनी सुरक्षा को शिथिल कर श्रमिक अधिकारों की बुनियाद पर गंभीर संकट उत्पन्न किया गया है। अनीस खान ने कहा कि नए श्रम नियमों में ऐसे परिवर्तन किए गए हैं, जिनसे नियोक्ताओं को कर्मचारियों की नियुक्ति, सेवा समाप्ति और छंटनी में व्यापक स्वतंत्रता मिल गई है। फिक्स्ड टर्म रोजगार को बढ़ावा देकर स्थायी कर्मचारियों को मिलने वाले पारंपरिक सुरक्षा और मुआवज़ा प्रावधानों को कमजोर किया गया है। आज ट्रेड यूनियनों का भारत बंद भाजपा की गलत नीतियों को उजागर करता है और यह स्पष्ट रूप से दिखाता है कि श्रमिक और कर्मचारी किस स्थिति में हैं। काम के घंटों में वृद्धि और जवाबदेही की कमी ने श्रमिकों को असुरक्षित कर दिया है, और श्रमिक हितों की जगह नियोक्ता सुविधा को प्राथमिकता दी जा रही है।

### अन्नदाता का मान ही सरकार की पहचान : ऋषिदेव

**राजनांदगांव**। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की अध्यक्षता में बीते दिनों हुए मंत्रि परिषद की बैठक में राज्य के किसानों के हित में लिए



गए महत्वपूर्ण निर्णय की प्रसंशा करते हुए भारतीय जनता पार्टी के जिला मंत्री ऋषिदेव चौधरी ने कहा कि अन्नदाताओं का मान ही भाजपा सरकार की पहचान है और हर कीमत पर हर स्तर पर भाजपा किसानों के हित में निर्णय ले रही है। ऋषिदेव चौधरी ने जानकारी देते हुए कहा कि समर्थन मूल्य पर धान बेचने वाले किसानों को 3100 प्रति क्विंटल के मान से अंतर की राशि होली पर्व से पूर्व एकमुश्त प्रदान करने का निर्णय प्रदेश की विष्णुदेव सरकार ने लिया जिसका स्वागत होना चाहिए । इस निर्णय के तहत लगभग 10,000 करोड़ की राशि 25 लाख से अधिक किसानों के खातों में सीधे हस्तांतरित की जाएगी। ऋषिदेव चौधरी ने आगे कहा कि अन्नदाता भाइयों-बहनों की मुस्कान ही भाजपा सरकार की सबसे बड़ी पूँजी है। सरकार केवल धान की खरीदी नहीं करती, बल्कि किसानों के परिश्रम का उचित मूल्य सुनिश्चित करना और उनके सम्मान की रक्षा करना अपना दायित्व मानती है।

### पूनम साहू व नम्रता रजक का सम्मान

**राजनांदगांव**। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ विगत दिनों परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम के नौवें संस्करण में पीएमश्री राजा सर्वेश्वरदास उत्कृष्ट विद्यालय



की पूनम साहू व नम्रता रजक दोनों होनहार छात्राओं का चयन हुआ था। जिसमें नरेंद्र मोदी से उन्होंने सीधा संवाद किया और परीक्षा के तनाव को कैसे दूर किया जाएं इसके लिए सुझाव व मार्गदर्शन प्राप्त किया। मोदी ने सहज रूप से सभी बच्चों से बातचीत करते विद्यार्थी जीवन में शिक्षा के महत्व की सार्थकता पर विस्तृत चर्चा की। इस उपलब्धि को गौरवशाली बताते कलेक्टर जितेंद्र यादव ने बच्चों को अपने कार्यालय आमंत्रित किया तथा दोनों छात्राओं को मोटिवेशनल किताब व पुष्पगुच्छ भेंटकर सम्मानित किया। इस अवसर पर महापौर मधुसूदन यादव, जिला पंचायत सीईओ सुरुचि सिंह, प्रशिक्षु आईपीएस आदित्य कुमार एवं विद्यालय के एसएमडीसी के अध्यक्ष कमलेश सूर्यवंशी, प्राचार्य डॉ. अमित घोष व शिक्षक आकाश त्रिपाठी उपस्थित थे।

## शिवालयों में तैयारियां अंतिम चरणों में, 15 को अंचल में कई आयोजन

# महाशिवरात्रि पर मंदिरों में होगा रूद्राभिषेक, पालकी में शहर भ्रमण के लिए निकलेंगे भगवान चंद्रमौलेश्वर

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

महाशिवरात्रि अवसर पर 15 फरवरी को राजनांदगांव शहर में भव्य पगड़ी शिव यात्रा का आयोजन किया गया है। यात्रा को लेकर उत्साह चरम पर है। यात्रा में भगवान चंद्रमौलेश्वर पगड़ी पहनकर भक्तों को दर्शन देने नगर भ्रमण पर निकलेंगे।

शिव झांकी, ढोल नगाड़ों और भगवा ध्वजों के साथ निकलेगी यात्रा पगड़ी शिव यात्रा में शिवभक्त भगवा पगड़ी पहनकर, डीजे भजनों, ढोल-नगाड़ों और केसरिया झंडों के साथ शिव झांकी के साथ नगर भ्रमण करेंगे। "हर-हर महादेव" और "बोल बम" के जयघोष से वातावरण महाकाल भक्तिमय रहेगा। महाकाल पगड़ी यात्रा समिति के अनुसार इस वर्ष पगड़ी शिव यात्रा की सबसे बड़ी विशेषता यह रहेगी कि सभी सांस्कृतिक कार्यक्रम पूरी तरह स्थानीय कलाकारों द्वारा प्रस्तुत किए जाएंगे। जिससे स्थानीय प्रतिभाओं को मंच मिलेगा। आयोजन की तैयारियां अंतिम चरणों में है।



#### ये रहेंगे प्रमुख आकर्षण

पगड़ी शिव यात्रा के दौरान अघोरी नृत्य, जो स्थानीय कलाकारों द्वारा प्रस्तुत किया जाएगा, झांझ और मंजीरों की टोली द्वारा संगीतमय प्रस्तुति, स्थानीय भजन कलाकारों द्वारा भक्तिमय भजन गायन, पंथी नृत्य, जो छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक पहचान को दर्शाएगा, बैंड-बाजा, जो यात्रा को भव्य स्वरूप प्रदान करेगा। इन प्रस्तुतियों के माध्यम से शिव भक्ति के साथ-साथ लोक संस्कृति की झलक भी देखने को मिलेगी।

#### पगड़ी यात्रा का निर्धारित मार्ग

महाकाल सेना के अनुसार पगड़ी शिव यात्रा का शुभारंभ नंदई चौक से होगा, जो सदर बाजार, भारतमाता चौक, महेश पथ, गंज चौक, मठपारा, कालीमाई मंदिर के बाद अग्रसेन चौक, सुरजन गली, कामठी लाइन स्थित सत्यनारायण मंदिर से होते हुए भारत माता चौक, महाकाल चौक, ब्राह्मण पारा, दुर्गा चौक, नंदई से सिंगदई, हल्दी मार्ग से गुजरते हुए महाकाल मंदिर सिंघोला में विश्राम करेगी।

#### शिव-शक्ति और हरि-हर मिलन

यात्रा के दौरान कालीमाई मंदिर में शिव-शक्ति मिलन तथा सत्यनारायण मंदिर में हरि-हर मिलन विशेष आकर्षण रहेगा, जो सनातन संस्कृति की एकता और समरसता का संदेश देगा। संयोजक नीलू शर्मा एवं पवन डागा ने सभी शिवभक्तों से अपील की है कि यात्रा के दौरान अनुशासन बनाए रखें, यातायात नियमों का पालन करें और आयोजन को शांतिपूर्ण ढंग से सफल बनाएं।

## लालबाग में निकलेगी पालकी यात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

हेमू कालानी नगर लालबागेश्वर धाम गली नंबर 5 में शिव सेवा मंडल द्वारा संचालित प्राचीन सिद्ध पीठ में शिवरात्रि पर्व धूमधाम से मनाया जाएगा। शिव सेवा मंडल के वरिष्ठ सदस्य आवतराम तेजवानी ने बताया कि इस वर्ष 13 फरवरी शुक्रवार को फाल्गुन एकादशी के उपलक्ष में रात्रि 7 बजे हल्दी एवं इत्र फूलों से भगवान लाल बागेश्वर एवं गौरी मां का अभिषेक किया जाएगा। साथ ही रात्रि 9 बजे खाटू श्याम के गायकों के द्वारा संगीतमय भजन एवं सुंदरकांड का आयोजन गली नंबर 5 में रखा गया है।

संस्था के सदस्य अनिल तेजवानी एवं प्रकाश आहूजा ने बताया कि 14 फरवरी को मातृ पितृ पूजन दिवस पर शाम को 6 बजे महाकाल एवं लाल बागेश्वर महादेव को छप्पन भोग लगाया जाएगा एवं शाम 7 बजे आकर्षक रूप से बैंड बाजे एवं रंगीन लाइटिंग के साथ भगवान महाकाल की पालकी यात्रा हेमू कालानी नगर में निकाली जाएगी।

संस्था के सदस्य राजेश तेजवानी एवं विनोद लुल्ला ने बताया कि इस अवसर पर महिलाएं लाल ड्रेस एवं पुरुष बनियान एवं धोती में पालकी को उठाएंगे। पालकी भ्रमण के पश्चात दुर्गा मंदिर में मां गौरी की महाआरती का कार्यक्रम होगा तत्पश्चात प्रसादी का कार्यक्रम रखा गया है।

#### बारात में नाचेंगे भूत पिशाच

15 फरवरी को महाशिवरात्रि के दिन लाल बागेश्वर भोले बाबा एवं माता गौरी का दुग्ध अभिषेक किया जाएगा, तत्पश्चात संध्या 7 बजे से हेमू कॉलोनी नगर में अद्भुत रूप से भूत पिशाच एवं राक्षस नंदी इत्यादि भोले बाबा की बारात में हेमू कॉलोनी नगर का भ्रमण करेंगे और दुर्गा मंदिर प्रांगण पहुंचेंगे , जहां पर वैदिक एवं सनातन पद्धति से पूरे सम्मान के साथ भोले बाबा की विवाह रस्म माता पार्वती से संपन्न होगी। तत्पश्चात प्रसादी के रूप में भंडारा का आयोजन रखा गया है। शिवरात्रि के दिन विश्वनाथ काशी के अघोरी भक्तों द्वारा भस्म आरती के अलावा अद्भुत लीला का प्रदर्शन होगा जिसमें शिवजी की भक्ति भी प्रदर्शित होगी ।

#### रूद्राभिषेक 15 को

अखिल भारतीय पुजारी पुरोहित संघ के कार्यालय प्रमुख वैभव निर्वाणी, प्रकाश शर्मा एवं अभिषेक चौबे ने बताया कि महाशिवरात्रि के अवसर पर पर्व मंदिरों में भव्य रूप से रूद्राभिषेक कर महाआरती पश्चात प्रसादी वितरण किया जाएगा। महाशिवरात्रि पर्व के अवसर पर रामजानकी बाला बाबा मंदिर में पार्थिव शिवलिंगों का निर्माण कर अभिषेक किया जायेगा। 15 को महाशिवरात्रि अत्यंत शुभ योग लेकर आ रहा है। स्कंध पुराण के अनुसार गंगा के सामान कोई तीर्थ नही हरि के सामान कोई दूसरा देव नही, उसी तरह शिवरात्रि के सामान कोई दूसरा शुभ रात्रि नही।

## आत्मानंद स्कूल फिर विवादों में, महिला कर्मचारी ने व्याख्याता पर लगाए आरोप

हरिभूमि न्यूज ⏭ मोहला

अंबागढ़ चौकी स्वामी आत्मानंद फिर एक बार विवादों के घेरे में है। हाल ही में हुए एक छात्र को दो शिक्षिकाओं द्वारा सौ बार उठक-बैठक लगवाया। जिसमें छात्र बीते 26 दिनों से अपंग हो गया है। शरीर में ब्लड सर्कुलेशन नहीं हो रहा है। इधर अंग्रेजी माध्यम की सहायक ग्रेड-3 की महिला कर्मचारी ने हिन्दी मीडियम की एक व्याख्याता पर मानसिक प्रताड़ना, दुर्व्यवहार, अश्लील हरकत व हरासमेंट के संगीन वक्तव्यों के साथ कलेक्टर, एसपी, जिला शिक्षा अधिकारी को लिखित में शिकायत प्रस्तुत किया है। बताया गया कि व्याख्याता सुशील चौरसिया के खिलाफ पूर्व में एक प्रधान पाठिका ने भी बेहद गंभीर शिकायत प्रस्तुत किया था, परंतु विभाग ने मामले को जांच के उपरांत रफा-दफा कर दिया।

उल्लेखनीय की अंबागढ़ चौकी अंग्रेजी माध्यम आत्मानंद मिडिल स्कूल में सहायक ग्रेड-3 की महिला कर्मचारी ने हिन्दी माध्यम के भौतिक शास्त्र के व्याख्याता सुशील चौरसिया के खिलाफ आवेदन प्रस्तुत किया है। इस मामले की जांच और कठोर कार्रवाई के लिए सीधे कलेक्टर, एसपी और जिला शिक्षा अधिकारी को मामले से अवगत कराते पीड़िता ने शिकायत किया है।



#### 3 साल से हो रही है प्रताड़ित

आवेदिका ने शिकायत में उल्लेख किया है कि वह संविदा कर्मचारी के रूप में 2023 से अंग्रेजी माध्यम माध्यमिक शाला में सहायक ग्रेड के पद पर कार्यरत है। शुरूआत से ही व्याख्याता सुशील चौरसिया हिन्दी माध्यम में पदस्थ होने के बावजूद अंग्रेजी माध्यम स्कूल में दाखिल होकर शैक्षणिक गतिविधियों के दौरान उस पर गंदी नजरों से देखते हैं, उन्हें गलत तरीके से छूने की कोशिश करते हैं। जिससे वह मानसिक रूप से प्रताड़ित हो गई है।

#### प्रधान पाठिका का भी मामला दफन

कुछ माह पूर्व आत्मानंद माध्यमिक शाला की प्रधान पाठिका ने भी व्याख्याता सुशील चौरसिया के खिलाफ बेहद आपत्तिजनक शिकायत किया था। जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय द्वारा जांच कराया गया, परंतु कार्रवाई तय नहीं की गई। अब स्कूल के भीतर महिलाओं से जुड़ा दूसरा संगीन मामला सामने आया है।

#### जांच के आदेश जारी

बीईओ एसके धीवर ने हरिभूमि को बताया कि उच्च अधिकारियों की तरफ से जांच के निर्देश किया गया है। प्रशासनिक तौर पर संपूर्ण मामले की विधिवत जांच की जा रही है।

### 14 से मड़ई मेला

**राजनांदगांव**। ग्राम बांकल (पनेका) में महाशिवरात्रि पर्व पर सार्वजनिक शीतल मंदिर समिति एवं समस्त ग्रामवासी के तत्वावधान में दो दिवसीय जस झांकी प्रतियोगिताा एवं मंडई मेला का आयोजन 14 एवं 15 फरवरी को रखा है। अध्यक्ष तुलसीदास बघेल, सचिव भोजराज देवदास व गांव के प्रमुख भोजराज देवदास, तुलसीदास बघेल, गिरधर पटेल, कमलेश निषाद, राजेन्द्र पटेल एवं सरपंच गोपाल प्रसाद गायकवाड़ ने आसपास के ग्रामीणजनों से कार्यक्रम में उपस्थिति की अपील की है।

### शिव शीतल दरबार में होगा रूद्राभिषेक

**राजनांदगांव**। भरकापारा तालाब पार स्थित शिव शीतल दरबार मंदिर में महाशिवरात्रि अवसर पर मंदिर समिति द्वारा शिवजी का सुबह 8 बजे रूद्राभिषेक व आरती, दोपहर 12 बजे से प्रसादी, शाम 05 बजे बाबा चंद्रमोलेश्वर महाकाल की पालकी यात्रा आगमन, तत्पश्चात महाआरती की जाएगी। लोगो से आयोजन में उपस्थिति की अपील

## बाइक में ले जा रहा था शराब, कोचिया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

बाइक में सवार युवक प्लास्टिक बोरी में अवैध रूप से शराब रखकर बिक्री के लिए ले जा रहा था । जिसकी सूचना मिलने पर पुलिस ने मौके पर दबिश देकर पकड़ा। आरोपी के पास से 42 पौवा देशी प्लेन शराब बरामद कर कार्रवाई की गई है। पुलिस सूत्रों के अनुसार तुमड़ीबोड पुलिस चौकी क्षेत्र अंतर्गत पुलिस को मुखबीर से सूचना मिली कि एक व्यक्ति ग्राम मचानपार से एक काले रंग के बाइक होंडा लिओ के ऊपर एक पीले रंग के प्लास्टिक बोरी में मात्रा से अधिक शराब रखकर बिक्री करते हुए घूम रहा है।



#### 42 पौवा देशी प्लेन बरामद

सूचना पर टीम गठित कर नाकेबंदी करने पर एक व्यक्ति मोटर साइकिल छोड़कर भाग गया। जिसमें 42 पौवा देशी मदिरा प्लेन शराब शोले ब्रांड छत्तीसगढ़ निर्मित कीमती 3360 रुपए एवं बाइक होंडा लिओ को बरामद कर चौकी तुमडीबोड में आबकारी एक्ट की धारा 34(2) कायम कर विवेचना में लिया गया।पुलिस के अनुसार अपराध विवेचना के दौरान आरोपी खेमदास कौर 28 वर्ष साकिन मचानपार को पूछताछ करने पर अपना जुर्म स्वीकार करने पर गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया। प्रकरण में लिप्त अन्य आरोपी की गिरफ्तारी की जाएगी।

## तहसील के चक्कर काट रहे वारिसान

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

रामविलास जोशी ने बताया कि नंदई कुंआ चौक के किसान रहे स्व. सामरतन राय की पैतृक संपत्ति को भू-राजस्व अभिलेख राजनांदगांव द्वारा वर्ष 1954-55 के भू-अभिलेख में खसरा नं. 1567 रकबा 30 डिसमिल एवं खसरा नं. 1636 रकबा 84 डिसमिल को वर्ष 1954-55 के भू-राजस्व अभिलेख रिकार्ड में त्रुटिवश दर्ज नहीं किया गया है। जिसकी वजह से उनके वारिसान तहसील और कलेक्टोरेट के चक्कर लगाकर थक गए हैं।

रामविलास जोशी ने जारी एक विज्ञप्ति में कहा कि भू-राजस्व अभिलेख विभाग द्वारा उनके वारिसानों के नाम पर खसरा व रकबा को दर्ज नहीं करना किसी बड़ी साजिश का होना दर्शाता है। पिछले साल 60 से खसरा व रकबा को दर्ज नहीं करने के कारण सामरतन राय के परिवार व वारिसान खुद की जमीन होकर दर-दर भटक रहे हैं। इस मामले में राज्यपाल के समक्ष प्रस्तुत होकर आवेदन दिया जा चुका है एवं जल्द से जल्द भू-राजस्व रिकार्ड में दर्ज करवाने की मांग की गई है। उन्होंने कहा कि यदि त्रुटि में सुधार नहीं हुआ तो वे शीघ्र आंदोलन करेंगे।

## बीमा कानून में संशोधन का विरोध, कर्मियों ने किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

एलआईसी का निजीकरण और बीमा कानून में संशोधन का विरोध करते ऑल इंडिया इंश्योरेंस एम्पलाईज एसोसियेशन के बैनर तले आज बीमा कर्मचारियों ने हड़ताल करते अपनी मांगों को लेकर हल्ला बोला। शहर के दिग्विजय स्टेडिम परिसर स्थित भारतीय जीवन बीमा निगम कार्यालय के बाहर एक दिवसीय धरना प्रदर्शन का आयोजन करते कर्मचारियों ने निजीकरण के विरोध और बीमा कानून में संशोधन किए जाने को लेकर केन्द्र सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।



#### प्रबंधन पर एक पक्षीय रवैये का आरोप

बीमा कर्मचारियों ने अमानवीय श्रम संहिताओं, बीमा उद्योग में एफडीआई को 100 प्रतिशत तक बढ़ाने, पीएसजीआई कंपनियों के निजीकरण और प्रबंधन पर एक पक्षीय रवैये का आरोप लगाकर विरोध किया। वहीं एलआईसी में तृतीय एवं चतुर्थ श्रेणी में तत्काल भर्ती, सभी एलआईसी कर्मचारियों को 1995 पेंशन योजना का लाभ देने, कर्मियों के सभी लंबित मुद्दों का समाधान, उद्योग एवं कर्मचारी मुद्दों पर यूनियनों के साथ संरचित संवाद करने मांग की है।

भारतीय जीवन बीमा निगम के कर्मचारियों द्वारा अपने विभिन्न मांगों को लेकर प्रदर्शन किए जाने के चलते यहां पर कार्य प्रभावित रहा। हड़ताल की वजह से अपना कार्य लेकर आने वाले लोगों को वापस लौटना पड़ा। जीवन बीमा निगम कार्यालय के सामने धरना प्रदर्शन करते कर्मचारियों ने जल्द से जल्द अपनी मांगे पूरी करने आवाज बुलंद की। प्रदर्शन के दौरान बीमा कर्मचारियों ने बीमा कानून में संशोधन का विरोध करते कहा कि इस कानून से बाहरी बीमा कंपनियां यहां से पैसा बटोरकर चल जाएगी। वहीं उन्होंने ठेका प्रथा पर रोक लगाने मांग करते निजीकरण का विरोध किया।

## पुण्यतिथि पर जिला भाजपा कार्यालय में संगोष्ठी का आयोजन

# एकात्म मानववाद के प्रणेता थे पंडित दीनदयाल उपाध्याय

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

भाजपा जिला कार्यालय राजनांदगांव में भारतीय जनता पार्टी के मार्गदर्शक, एकात्म मानववाद के प्रणेता स्व. पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि को समर्पण दिवस के रूप में श्रद्धा एवं सम्मान के साथ मनाया गया।

इस अवसर पर उपस्थित समस्त पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी तथा उनके विचारों को आत्मसात करने का संकल्प लिया।

कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं मार्गदर्शक खूबचंद पारख उपस्थित रहे। उन्होंने अपने विस्तृत उद्बोधन में कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय केवल एक राजनेता नहीं थे, बल्कि वे एक ऐसे चिंतक, दार्शनिक और राष्ट्रऋषि थे, जिन्होंने भारतीय राजनीति को भारतीय संस्कृति और विचारधारा से जोड़ने का कार्य किया। उन्होंने बताया कि एकात्म मानववाद का सिद्धांत मानव, समाज और प्रकृति के संतुलन पर आधारित है, जो आज के समय में और भी अधिक प्रासंगिक हो गया है।

उन्होंने अपने उद्बोधन में पंडित के अंत्योदय के विचार पर विशेष प्रकाश डालते हुए कहा कि समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक विकास का लाभ पहुंचाना ही सच्ची सेवा है। आज केंद्र और राज्य की सरकारें जिस प्रकार गरीब, वंचित, किसान, युवा और महिलाओं के कल्याण के लिए योजनाएं चला रही हैं, वह पंडित दीनदयाल उपाध्याय के विचारों का ही प्रत्यक्ष रूप है। इस अवसर पर तरुण लहरवानी, भावेश बैद, रेखा मेश्राम, सुमित सिंह भाटिया, गोलू गुप्ता, मनोज साहू, खिलेश्वर साहू, रवि सिन्हा, मणिभास्कर गुप्ता, रानू जैन, शैंकी बग्गा, अमर ललवानी, पूर्णिमा साहू, शेखर लस्करे, सतीश साहू, देवकुमारी साहू, चंद्रभान जघेल, बलवंत साहू, विनोद भारती, अशोक आदित्य श्रीवास्तव सहित भाजपा के वरिष्ठ नेता, जिला पदाधिकारीगण, मंडल पदाधिकारीगण, महिला मोर्चा, युवा मोर्चा एवं बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



#### पंडित उपाध्याय के विचारों को अपनाने की जरूरतः कोमल

भाजपा जिला अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत ने भी सभा को संबोधित करते हुए कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय का जीवन हम सभी के लिए अनुकरणीय है। उन्होंने कहा कि भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता पंडित के विचारों को अपने आचरण में उतारकर ही संगठन को मजबूत बना सकता है। उन्होंने उपस्थित सभी कार्यकर्ताओं से आग्रह किया कि वे समर्पण दिवस के अवसर पर संगठन के प्रति और अधिक सक्रियता एवं निष्ठा से कार्य करने का संकल्प लें।




## खबर संक्षेप

### आंगनबाड़ी के सामने बन गया कचरा डंपिंग जोन, नियमित सफाई नही

**हरिभूमि कवर्धा।** शहर के गंगानगर वार्ड-7 इन दिनों गंदगी की मार झेल रहा है। वार्ड स्थित आंगनबाड़ी केंद्र के ठीक सामने कचरे का ढेर जमा हो गया है। आसपास के घरों से निकलने वाला दैनिक कचरा लोग यहीं फेंक रहे हैं। नियमित सफाई नहीं होने से समस्या बढ़ती जा रही है। कई दिनों तक कचरा नहीं उठाया जाता। प्लास्टिक, घरेलू अपशिष्ट और सड़े-गले पदार्थ खुले में पड़े रहते हैं।

# होली से पहले गन्ना किसानों को मिली बड़ी सौगात, 4.73 करोड़ का भुगतान जारी

- उप मुख्यमंत्री के प्रयासों से 14,518 किसानों को अब तक 51.51 करोड़ की राशि, क्षेत्र में उत्साह।

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा



उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा के विशेष प्रयासों से भोरमदेव सहकारी शक्कर उत्पादक कारखाना मर्यादित राम्हेपुर-कवर्धा द्वारा किसानों को 4.73 करोड़ की अतिरिक्त भुगतान राशि जारी की गई है। इसके साथ ही चालू सत्र में अब तक 14,518 गन्ना किसानों को कुल 51.51 करोड़ का भुगतान किया जा चुका है। समयबद्ध भुगतान से क्षेत्र के किसानों में खुशी और भरोसे का माहौल है।कलेक्टर एवं कारखाने के प्राधिकृत अधिकारी गोपाल वर्मा के मार्गदर्शन में भुगतान प्रक्रिया सतत जारी है।

कारखाना प्रबंधन का कहना है कि नियमित भुगतान से किसानों की आर्थिक स्थिति मजबूत हो रही है और सहकारी व्यवस्था में उनका विश्वास और सुदृढ़ हुआ है। उत्पादन में भी उल्लेखनीय प्रगति कारखाना प्रबंधन द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार चालू पेराई सत्र में अब तक 2,42,990 मीट्रिक टन गन्ने की पेराई कर 2,86,743 क्विंटल शक्कर का उत्पादन किया जा चुका है। इसे किसानों के सहयोग, प्रशासनिक मार्गदर्शन और कारखाने की कार्यकुशलता का संयुक्त परिणाम माना जा रहा है।



### अधिकतम गन्ना आपूर्ति की अपील

प्रबंधन ने सभी शेयरधारक सदस्य किसानों एवं गैर-सदस्य गन्ना उत्पादकों से सर्वे के अनुरूप अधिकतम गन्ना आपूर्ति सुनिश्चित करने की अपील की है। स्पष्ट किया गया कि यह चेतावनी नहीं, बल्कि सहकारी व्यवस्था को मजबूत करने का सामूहिक प्रयास है। पंजीकृत उपविधियों का उल्लेख करते हुए बताया गया कि धारा 07(02)(घ) के तहत सदस्य किसानों के लिए गन्ना आपूर्ति अनिवार्य है, जबकि धारा 09(क)(05) में लगातार आपूर्ति न करने पर सदस्यता समाप्ति का प्रावधान है। प्रबंधन ने कहा कि इन नियमों का उद्देश्य किसानों के दीर्घकालिक हितों की रक्षा और संस्था की निरंतरता बनाए रखना है।

### किसानों व श्रमिकों के हित में पहल

कारखाना द्वारा एफआरपी के अतिरिक्त रिकवरी राशि का भुगतान, शासन द्वारा प्रदत्त बोनस, रियायती दर पर शक्कर वितरण, उन्नत बीज उपलब्धता और प्रशिक्षण कार्यक्रम संचालित किए जा रहे हैं। साथ ही कारखाना परिसर में सर्वसुविधायुक्त बलराम सदन तथा मात्र 5 रूपए में गरम भोजन की कैंटीन सुविधा भी उपलब्ध है। प्रबंधन ने कहा कि पेराई लक्ष्य की समय पर पूर्ति कारखाने के भविष्य के लिए आवश्यक है। सभी किसानों से अधिक से अधिक गन्ना आपूर्ति कर कारखाने को मजबूत बनाने और क्षेत्र के उज्ज्वल भविष्य में सहभागी बनने का आह्वान किया गया है।

## पर्यटन मंडल अध्यक्ष नीलू शर्मा ने किया भोरमदेव कॉरिडोर निर्माण कार्य का निरीक्षण

# उज्जैन, बनारस की तर्ज पर विकसित हो रहा भोरमदेव कॉरिडोर, निर्माण जोरों पर


- निर्धारित समय-सीमा में कार्य पूर्ण करने के दिए निर्देश: नीलू शर्मा।

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

उज्जैन एवं बनारस की तर्ज पर विकसित किए जा रहे भोरमदेव कॉरिडोर का निर्माण कार्य तेज गति से किया जा रहा है। ऐतिहासिक और धार्मिक महत्व वाले भोरमदेव मंदिर क्षेत्र को एक सुव्यवस्थित, आकर्षक और विश्वस्तरीय पर्यटन केंद्र के रूप में विकसित करने की दिशा में यह परियोजना मील का पत्थर साबित होगी। भोरमदेव कॉरिडोर के भूमिपूजन के पश्चात छत्तीसगढ़ पर्यटन मंडल के अध्यक्ष नीलू शर्मा ने निर्माण स्थल पर पहुंचकर कार्य की प्रगति का निरीक्षण किया। उन्होंने विभागीय अधिकारियों एवं निर्माण एजेंसी की टीम के साथ पूरे परिषर का विस्तृत अवलोकन किया और निर्माण कार्य की गुणवत्ता, डिजाइन तथा समय-सीमा की बारीकी से समीक्षा की।

निरीक्षण के दौरान अध्यक्ष नीलू शर्मा ने स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि भोरमदेव कॉरिडोर का निर्माण कार्य निर्धारित समय-सीमा में हर हाल में पूर्ण किया जाए और गुणवत्ता के साथ किसी भी प्रकार का समझौता न किया जाए। उन्होंने कहा कि भोरमदेव कॉरिडोर छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक, ऐतिहासिक और धार्मिक पहचान को राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर स्थापित करने का एक महत्वपूर्ण प्रयास है। श्री शर्मा ने कहा कि जिस प्रकार उज्जैन महाकाल लोक और बनारस कॉरिडोर ने धार्मिक पर्यटन को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया है, उसी तर्ज पर भोरमदेव कॉरिडोर भी छत्तीसगढ़ के पर्यटन मानचित्र पर एक नई पहचान बनाएगा। इससे श्रद्धालुओं और पर्यटकों को बेहतर सुविधाएं मिलेंगी तथा भोरमदेव क्षेत्र की भव्यता और गरिमा और अधिक निखरेगी।

### भोरमदेव कॉरिडोर के पूर्ण होने से क्षेत्र में पर्यटन गतिविधियों में उल्लेखनीय वृद्धि होगी



नीलू शर्मा ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि निर्माण कार्य की नियमित मॉनिटरिंग सुनिश्चित की जाए और पूरी प्रक्रिया में पारदर्शिता बनाए रखी जाए। साथ ही स्थानीय जरूरतों, पर्यावरण संरक्षण और श्रद्धालुओं की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए कार्य किया जाए। पर्यटन मंडल अध्यक्ष ने यह भी कहा कि भोरमदेव कॉरिडोर के पूर्ण होने से क्षेत्र में पर्यटन गतिविधियों में उल्लेखनीय वृद्धि होगी, जिससे स्थानीय युवाओं को रोजगार के नए अवसर प्राप्त होंगे। होटल, गाइड, परिवहन, हस्तशिल्प एवं अन्य सहायक गतिविधियों को भी बढ़ावा मिलेगा, जिससे क्षेत्र की आर्थिक स्थिति सुदृढ़ होगी। भोरमदेव कॉरिडोर के निर्माण से न केवल धार्मिक पर्यटन को नई दिशा मिलेगी, बल्कि छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक विरासत को देश-दुनिया तक पहुंचाने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।



# कोलेगांव में प्रतिभा सम्मान व विदाई समारोह कार्यक्रम आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭कोलेगांव

शासकीय हाई स्कूल कोलेगांव में प्रतिभा सम्मान एवं विदाई समारोह कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। इस प्रतिभा सम्मान व विदाई समारोह कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पंडरिया विधायक श्रीमती भावना बोहरा, कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ संतोष साहू तथा विशिष्ट अतिथि रामाधार शर्मा, सत्र किशोर सानू तिवारी, राजेश्वरी महेंद्र, बालमुकुंद चंद्रवंशी, दिनेश पाण्डेय, ममता विजय शुक्ला, जोतराम साहू, विनय शर्मा, सुरेश धुर्वे, परमेश्वर साहू एवं सुशील राम उपस्थित थें।

इस सम्मान व विदाई समारोह के दौरान विद्यार्थियों द्वारा मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी गई, जिसने उपस्थित अतिथियों एवं पालकों का मन मोह लिया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि श्रीमती भावना बोहरा के करकमलों से शैक्षणिक उत्कृष्टता को प्रोत्साहित करते हुए कक्षा 10 वीं बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मेधावी छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत किया गया। जिसमें ज्योति सिंगरौल को 93 प्रतिशत अंक के साथ प्रथम स्थान प्राप्त करने पर दी गई व द्वितीय स्थान चंद्रशेखर साहू 89.16 प्रतिशत तथा तृतीय स्थान आशीष साहू 86.33 प्रतिशत अंक प्राप्त करने पर विधायक द्वारा विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि किसी भी क्षेत्र में सफलता प्राप्त करने के लिए कठिन परिश्रम, अनुशासन और लगन आवश्यक है। उन्होंने विद्यालय के शत-प्रतिशत परीक्षा परिणाम को गौरवपूर्ण उपलब्धि बताया।

विद्यालय के उल्लेखनीय योगदान के लिए शासकीय हाई स्कूल कोलेगांव के व्याख्याताओं को प्रशस्ति प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, पालकगण, ग्रामवासी, छात्र-छात्राएं उपस्थित थें। कार्यक्रम के अंत में संस्था के प्राचार्य रामकुमार साहू ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया।

# आटो व ट्रक की भिड़ंत में आटो सवार की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

जिले के चिल्फी थाना क्षेत्र से होकर गुजरने वाले नेशनल हाईवे 30 में गुरूवार की दोपहर एक ट्रक और आटो की सीधी भिड़ंत में आटो सवार एक अज्ञात व्यक्ति की मौत हो गई। घटना के बाद पुलिस ने आरोपी ट्रक चालक को गिरफ्तार कर लिया है वहीं ट्रक को जप्त कर लिया है।



बताया जाता है कि गुरूवार की दोपहर ट्रक क्रमांक आरजे 11 जीसी 7349 जबलपुर की ओर से चिल्फी की ओर आ रहा था इसी दौरान ट्रक चालक ने विपरीत दिशा से आ रहे आटो को लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए अपनी चपेट में ले लिया। इस दुर्घटना में आटो सवार एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे तत्काल बोड़ला सामुदायिक स्वास्थ केन्द्र पहुंचाया गया जहां ईलाज के दौरान उसकी मौत हो गया। घटना के बाद पुलिस ने आरोपी ट्रक चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया।

# रूसे व कापा स्कूल में संयुक्त रूप से मनाया गया वार्षिकोत्सव छात्रों ने दी प्रस्तुति

- छात्र छात्राओं ने दी शानदार सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति।

हरिभूमि न्यूज ⏭कुण्डा

शासकीय प्राथमिक शाला व पूर्व माध्यमिक विद्यालय रुसे एवं प्राथमिक शाला कापा ने संयुक्त रूप से धूमधाम एवं हर्षोल्लास के साथ वार्षिकोत्सव का आयोजन किया गया। जिसमें अतिथियों व गणमान्य नागरिको के उपस्थिति में वार्षिक उत्सव मनाया गया। वार्षिक उत्सव कार्यक्रम में विद्यार्थियों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों नृत्य और नाटकों के माध्यम से छात्र छात्राओं ने अपना प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

इस वार्षिकोत्सव कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रतिनिधि जिला पंचायत क्षेत्र क्र 04 एवं जिला अध्यक्ष अजा मोर्चा महेंद्र धृतलहरे, कार्यक्रम अध्यक्षता सरपंच दिलीप चंद्रवंशी, पूर्व महामंत्री भाजपा एवं कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि अध्यक्ष



शाला विकास प्रबंधन समिति रूसे गीताराम साहू, मनहरण साहू, विश्वनाथ पटेल, प्राचार्य नंदू निर्मलकर के मार्गदर्शन में वार्षिक उत्सव मनाया गया। साथ ही शैक्षणिक और खेलकूद गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विजेताओं को अतिथियों द्वारा पुरस्कार और पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। वही प्राथमिक शाला हेतु मुख्य अतिथि सदस्य जिला पंचायत महेंद्र धृतलहरे ने पंचायत मद से कुर्सी-टेबल हेतु 1 लाख रुपए देने की घोषणा की। इस अवसर पर अध्यक्ष छलीराम पटेल, सचिव रमेश शर्मा, शिक्षक नमेंद्र चंद्राकर, पंचायत प्रतिनिधि समस्त शिक्षक शिक्षिकाएं व छात्र छात्राएं उपस्थित थें।

# अज्ञात वाहन चालक ने बछड़ा को मारी टक्कर, घायल



**हरिभूमि कोलेगांव।** शहर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में तेज रफ्तार की दीवानगी दिनों दिन बढ़ती जा रही है। वहीं सड़क दुर्घटना के शिकार होकर वाहन चालक खुद घायल व ग्रामीण राहगीरों तथा पशुओं को घायल कर फरार हो रहे है। ऐसे ही मामला ग्राम कोलेगांव स्थित गौठान के पास एक अज्ञात वाहन चालक द्वारा छोटे बछड़े को टक्कर मार दी गई। वहीं दुर्घटना के बाद वाहन चालक मौके से फरार हो गया। ग्रामीणों से मिली जानकारी के अनुसार टक्कर इतनी जोरदार थी कि इस सड़क हादसे में छोटा बछड़े का पैर टूट गया वहीं दर्द से कराहता हुआ सड़क किनारे घायल अवस्था में पड़ा रहा। बताया जाता है कि ग्रामीणों द्वारा घटना की जानकारी मिलते ही तत्काल पशु चिकित्सक को फोन कर बुलाया गया। जहां मौके पर पहुंचे डॉ प्रकाश साहू ने गेंदाराम साहू, मिलुराम यादव व दिनेश पांडेय के सहयोग से घायल बछड़े को सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया। साथ ही साथ डॉक्टर द्वारा बछड़े का प्राथमिक उपचार करते हुए इंजेक्शन, मलहम एवं पट्टी की गई। जांच में पाया गया कि बछड़े का पैर पूरी तरह से फ्रैक्चर हो गया है, जिस पर मजबूती से पट्टी बांधी गई है।

## मक्के में विद्यार्थियों को कराया गया न्योता भोज



**हरिभूमि कवर्धा।** शासकीय प्राथमिक माध्यमिक शाला मक्के में छात्राओं के अच्छे स्वास्थ्य के लिए पोषण शक्ति निर्माण अंतर्गत छत्तीसगढ़ शासन द्वारा सभी प्राथमिक एवं माध्यमिक शालाओं में न्योता भोजन की परंपरा की शुरूआत किया गया है, यह कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य समाज व शालाओं के मध्य आपसी संबंध व तालमेल में स्थापित करना है। न्योता भोजन में शाला परिवार व सामाजिक गणमान्य नागरिकों द्वारा छात्र-छात्राओं को पोषण आधार आहार प्रदान किया जाना है, जिसे विद्यार्थियों को एमडीएम के साथ-साथ अन्य पोषण आहार प्राप्त हो इस न्योता भोज के तहत जन्मदिन के अवसर पर शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला मक्के के शिक्षक युगल किशोर साहू ने सभी विद्यार्थियों को मिठाई, केला, पूड़ी-सब्जी परोसा गया साथ ही साथ में केक काटकर जन्मदिन की शुभकामनाएं प्रेषित की गई। जिसमें प्रधान पाठिका श्रीमती एलवीना विलसन, प्रधान पाठक कपूरराम चंद्रवंशी, शिक्षक कौशल, श्रीमती भानुप्रिया साहू, शाला प्रबंधन समिति अध्यक्ष अयोध्या साहू, उपाध्यक्ष श्रीमती दुखिया साहू, ग्राम पटेल कुमार साहू, पालक गण भोला साहू, शाला प्रबंधन समिति के सभी सदस्य रसोईया और सभी विद्यार्थी उपस्थित थें।

## शक्कर कारखाना ने बढ़ाया नई गन्ना प्रजातियों का दायरा

हरिभूमि न्यूज ⏭पंडिरया

लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल सहकारी शक्कर कारखाना मर्यादित पंडरिया द्वारा कारखाना क्षेत्र में गन्ना उत्पादन बढ़ाने के उद्देश्य से नई उन्नत किस्मों के विस्तार की पहल की गई है। विगत 7-8 वर्षो से क्षेत्र में मुख्य रूप से सीओ -085 प्रजाति का गन्ना लगाया जा रहा था, जो रोगग्रस्त होने के कारण लगातार कम पैदावार दे रहा है। इसे ध्यान में रखते हुए कारखाना प्रबंधन ने नई प्रजातियों के प्रसार की दिशा में ठोस कदम उठाए हैं। कारखाना क्षेत्र के किसानों को महाराष्ट्र के वसंतदादा शुगर इंस्टीट्यूट, नागपुर एवं पुणे के गन्ना अनुसंधान केंद्र भेजकर सीओ-92005, सीओ-86032 एवं वीएसआई सीओ-18121 जैसी उन्नत किस्मों की जानकारी दिलाई गई। साथ ही कारखाना के क्षेत्र सहायकों की एक टीम को केंद्रीय गन्ना अनुसंधान केंद्र, पाडेगांव जिला सतारा, महाराष्ट्र भेजा गया, जहां वैज्ञानिक डॉ दत्ताराय थोरवे से मुलाकात कर पीडीएन -15012, पीडीएन -15006 एवं पीडीएन -13007 प्रजातियों की विस्तृत जानकारी प्राप्त की गई। विशेषज्ञों ने इन प्रजातियों को कबीरधाम जिले की जलवायु के अनुरूप उपयुक्त बताया है। कारखाना प्रबंधन द्वारा महाराष्ट्र से उन्नत किस्मों का बीज मंगाकर किसानों को वितरित किया जा रहा है।

### श्रीसीताराम विवाह प्रसंग पर उत्सव का वातावरण, क्षेत्रवासियों में भक्तिमय का माहौल

# श्रीराम कथा के छठवें दिवस भरत चरित्र की भावपूर्ण व्याख्या का भक्तों को करुण रसपान कराया

हरिभूमि न्यूज ⏭कुण्डा

ग्राम कुण्डा में आयोजित सप्त दिवसीय श्रीराम कथा के छठवें दिवस कथा पंडाल भक्ति, भाव और करुण रस से सराबोर हो उठा। परम पूज्य ब्रह्मदेवाचार्य, जगतगुरु उपाधि से विभूषित कथा व्यास ने मानस की चौपाइयों के माध्यम से प्रेममूर्ति भरत' के चरित्र का मार्मिक वर्णन किया। उनकी भावपूर्ण व्याख्या ने श्रोताओं को भाव-विभोर कर दिया और पूरा पंडाल जय श्रीराम के जयघोष से गूंज उठा। कथा के दौरान जांजगीर-चांपा से पधारे राजेश प्रसाद ने छत्तीसगढ़ी भाषा में रामकथा का सरस और सहज शैली में वर्णन करते हुए भगवान के अवतार का उद्देश्य समझाया। उनकी लोकभाषा में प्रस्तुति ने जनमानस को आनंदित कर दिया। वहीं उत्तर प्रदेश से आए प्रकाशचंद्र पांडेय ने अपनी ओजस्वी वाणी और वीर रस से ओत-प्रोत प्रस्तुति से श्रोताओं में देशभक्ति और उत्साह का संचार किया। जबलपुर से पधारीं सुश्री सुनीता शास्त्री ने मधुर कंठ से भगवान श्रीसीताराम विवाह प्रसंग का वर्णन किया, जिससे वातावरण उत्सवमय हो गया। श्रद्धालु भावविभोर होकर कथा श्रवण करते रहे। सप्त दिवसीय इस आयोजन में प्रतिदिन हजारों की संख्या में क्षेत्रवासी उपस्थित होकर धर्मलाभ ले रहे हैं। आयोजन के संयोजक सुरेन्द्र सिंह छाबड़ा, पूर्व सरपंच ग्राम पंचायत कुण्डा, द्वारा अतिथियों के सम्मान, सत्कार एवं श्रद्धालुओं के लिए चाय-जलपान की उत्कृष्ट व्यवस्था की गई है, जिसकी क्षेत्रभर में सराहना हो रही है। ग्राम कुण्डा में इस भव्य आध्यात्मिक आयोजन की चर्चा पूरे क्षेत्र में हो रही है और यह कार्यक्रम सांस्कृतिक चेतना एवं आध्यात्मिक जागरण का केंद्र बना हुआ है।



HEALTH TOWN
DR. ABHIMANYU'S AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
>वात रोग >घुटने के दर्द >पीठ व कमर दर्द >स्पॉन्डिलाइटिस >लिगामेंट के दर्द
>साइटिका >गोल्फ एल्बो >फ्रोजन शोल्डर >शरीर मे जकड़न
जोड़ों, नसों, मांसपेशियों के सभी प्रकार के दर्द का इलाज
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
Piles Care Clinic
ISO 9001:2015 Certified Clinic
Unit of Dr Abhimanyu's Pain Relief Center
बिना चीरफाड़ के बावासीर (पाइल्स), फिस्टुला (भगंदर) फिशर्स, पिलोनिडल साइनस का
लेजर मशीन /क्षार सूत्र द्वारा आपरेशन की सुविधा
लेडिस डॉक्टर उपलब्ध
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

**सौगात:** शहर के अंबेडकर चौक से समनापुर पुल तक बनेगी सड़क और सामुदायिक भवन का होगा निर्माण

# उप मुख्यमंत्री ने कवर्धा शहर में 2.80 करोड़ के निर्माण कार्यों की रखी नींव

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

प्रदेश के उप मुख्यमंत्री एवं कवर्धा विधायक विजय शर्मा ने आज कवर्धा नगर के विकास को नई गति देते हुए कुल 2 करोड़ 80 लाख रुपए के निर्माण कार्यों की आधारशिला रखी। उन्होंने विधिवत पूजा-अर्चना कर अंबेडकर चौक से समनापुर पुल तक बीटी रोड एवं नाली निर्माण तथा लक्ष्मी नारायण मंदिर के पास सामुदायिक भवन निर्माण कार्य का भूमि पूजन किया। उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि नगर के विकास के लिए सड़क, नाली और सामुदायिक भवन जैसे मूलभूत कार्य अत्यंत आवश्यक हैं।

अंबेडकर चौक से समनापुर पुल तक लगभग 2 करोड़ 60 लाख रुपए की लागत से बीटी रोड एवं नाली का निर्माण किया जाएगा, जिससे आवागमन सुगम होगा और नागरिकों को बेहतर सुविधा मिलेगी। वहीं लक्ष्मी नारायण मंदिर के पास 20 लाख रुपए की लागत से सामुदायिक भवन का निर्माण होगा, जिससे सामाजिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों के आयोजन में सहूलियत मिलेगी। उन्होंने कहा कि नगर के सर्वांगीण विकास के लिए आधारभूत संरचनाओं को मजबूत किया जा रहा है। उन्होंने मोहल्लावासियों से सहयोग की अपील करते हुए कहा कि सभी के सहयोग से निर्माण कार्य जल्द पूरा होगा।

इस दौरान उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के तहत पात्र हितग्राहियों को निःशुल्क गैस सिलेंडर एवं चूल्हा वितरित किया। उप मुख्यमंत्री एवं कवर्धा विधायक विजय शर्मा ने कहा कि अब प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत पात्र लोगों के लिए आवास स्वीकृत होने का रास्ता पूरी तरह साफ हो गया है। उन्होंने बताया कि जो लोग जिस स्थान पर काबिज हैं और वहां समेकित कर, बिजली बिल तथा संपत्ति कर जमा कर रहे हैं या जिनके पास पुराना पट्टा है लेकिन उसका नवीनीकरण नहीं हुआ है, ऐसे सभी पात्र लोगों का प्रधानमंत्री आवास स्वीकृत किया जाएगा। नगर पालिका द्वारा उन्हें कब्जे का प्रमाण पत्र प्रदान किया जाएगा, जिसके बाद आवास की स्वीकृति में किसी प्रकार की दिक्कत नहीं होगी।

उन्होंने नगर पालिका अध्यक्ष को कहा कि ऐसे सभी लोगों को शीघ्र प्रमाण पत्र उपलब्ध कराया जाए। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत हितग्राहियों को 2 लाख 36 हजार रुपए की सहायता दी जाएगी, जिससे वे अपने अनुरूप बेहतर घर बना सकेंगे।

## 30 लाख रुपए की लागत से निर्मित किया जाएगा सियान सदन



उप मुख्यमंत्री ने बताया कि अंबेडकर चौक के पास 30 लाख रुपए की लागत से सियान सदन बनाया जाएगा, जहां वरिष्ठ नागरिक बैठकर समय व्यतीत कर सकेंगे। जरूरत पड़ने पर उन्हें घर से लाने-ले जाने की व्यवस्था भी की जाएगी। शहर के सभी प्रमुख चौकों के सौंदर्यीकरण के लिए भी 20-20 लाख रुपए की स्वीकृति मिलने वाली है, जिसमें गाडगे जी, सहस्त्रबाहु जी, सेन जी और महाराज करपात्री जी महाराज से जुड़े चौकों का विकास किया जाएगा। इसके साथ ही कवर्धा कॉलेज परिसर में 4.5 करोड़ रुपए की लागत से नालंदा परिसर के रूप में आधुनिक डिजिटल लाइब्रेरी बनाई जा रही है। भोजपुरी तालाब के समीप हनुमंत वाटिका का निर्माण किया जा चुका है, वहीं घोटिया क्षेत्र में 354 करोड़ रुपए की लागत से मेडिकल कॉलेज भवन का निर्माण कार्य शुरू हो गया है। रायपुरद-बिलासपुर मार्ग के 7.8 किलोमीटर हिस्से को फोरलेन बनाते हुए कवर्धा एंट्रेंस का विकास किया जाएगा, जिसके लिए 54 करोड़ रुपए स्वीकृत किए गए हैं।

## कवर्धा नगर लगातार हो रहा विकासः नपाध्यक्ष चन्द्रप्रकाश चन्द्रवंशी

नगर पालिका अध्यक्ष चन्द्र प्रकाश चंद्रवंशी ने कहा कि कवर्धा का चौमुखी विकास उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा के मार्गदर्शन में लगातार हो रहा है और यह पूरे शहर के लिए गौरवपूर्ण उपलब्धि है। उन्होंने बताया कि 4 करोड़ 30 लाख रुपये की लागत से गौरव पथ रोड का निर्माण कराया गया है। ठाकुर देव से नया बस स्टैंड तक तक 11 करोड़ 50 लाख रुपये की लागत से सड़क बनकर तैयार हो चुकी है। उन्होंने बताया कि शहीद वीर स्तंभ चौक में शहीदों की प्रतिमा स्थापित की गई है और शहर के हर क्षेत्र में विकास कार्य किए जा रहे हैं। चौपाटी, हनुमंत वाटिका और बूढ़ा महादेव मंदिर में कांवड़ियों के विश्राम के लिए निर्माण किया जा रहा है। नगर पालिका अध्यक्ष ने कहा कि लंबे समय से प्रतीक्षित 2.60 करोड़ सड़क का आज भूमिपूजन किया जा रहा है, जिससे क्षेत्रवासियों को बड़ी सुविधा मिलेगी। इसके साथ ही 20 लाख रुपये की लागत से एक नए सामुदायिक भवन का निर्माण भी किया जाएगा, जो सामाजिक और सांस्कृतिक गतिविधियों के लिए उपयोगी सिद्ध होगा। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष ईश्वरी साहू, उपाध्यक्ष कैलाश चंद्रवंशी, नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी, नितेश अग्रवाल, जिला पंचायत सदस्य रामकुमार भट्ट, डॉ. वीरेन्द्र साहू, मनीराम साहू, विजय पाटिल, नगर पालिका उपाध्यक्ष पवन जायसवाल, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष संतोष पटेल, पार्षद बिहारी धुर्वे, अजय ठाकुर, योगेश चंद्रवंशी, दीपक सिन्हा, केशरीचंद सोनी, संजीव, श्रीमती सुषमा उपाध्याय, केशरीचंद सोनी, भुनेश्वर चंद्राकर, उमंग पाण्डेय, डॉ. आनंद मिश्रा सहित जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

# हाई स्कूल के 2003 बैच का गोल्डन मिलन संपन्न



- ग्राम राम्हेपुर (एन) स्कूल के विद्यार्थी मिले कोटा में

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोदवागोडान

इस अंचल में एकमात्र सबसे पुराने शिक्षा केन्द्र के रूप में प्रसिद्ध शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, राम्हेपुर (एन) के वर्ष 2003 बैच के पूर्व विद्यार्थियों द्वारा गत दिनों गोल्डन मिलन समारोह का आयोजन किया गया।

कोटा स्थित कोरी डैम और औरापानी वॉटरफॉल की वादियों में आयोजित इस कार्यक्रम में 22 साल बाद जब पुराने साथी गले मिले, तो माहौल भावनाओं और उत्साह से भर गया। स्कूल संगवारी ग्रुप के तत्वावधान में आयोजित इस गरिमामय समारोह में बड़ी संख्या में सहपाठियों ने हिस्सा लिया। परिचय सत्र के दौरान साथियों ने अपने विद्यालयीन जीवन की खट्टी-मीठी स्मृतियों को साझा किया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य भागदौड़ भरी जिंदगी से समय निकालकर पुराने मित्रों को जोड़ना, एक-दूसरे के पारिवारिक अनुभवों को जानना और सुख-दुख में सहभागी बनना था।

**भविष्य की योजना और संकल्प**

समारोह के दौरान सामूहिक चर्चा में भविष्य के सामाजिक और शैक्षिक सरोकारों पर भी विचार किया गया। साथी रामचरित सोलंकी ने अपने संबोधन में बताया कि इस आयोजन को और विस्तार दिया जाएगा।

आगामी समय में जूनियर और सीनियर बैच के मित्रों को भी इस मुहिम से जोड़ने का संकल्प लिया गया, ताकि विद्यालय के प्रति अपनी जिम्मेदारियों को साझा किया जा सके। समारोह के दौरान भोजन और अन्य व्यवस्थाएं हेम कुमार डहरिया एवं कौशल कुर्रे के नेतृत्व में सुव्यवस्थित रहीं। प्राकृतिक सौंदर्य के बीच आयोजित इस पिकनिक ने सभी को फिर से बचपन के उल्लास में डुबो दिया। कार्यक्रम के अंत में सामूहिक फोटो सत्र हुआ और सभी ने एक-दूसरे का मुंह मीठा कराकर, जल्द ही विद्यालय परिसर (राम्हेपुर) में दोबारा मिलने के वादे के साथ विदाई ली।

## खबर संक्षेप

### ग्राम खपरी में निःशुल्क चिकित्सा शिविर आज

**कवर्धा।** आयुष विभाग द्वारा 13 फरवरी, शुक्रवार को निःशुल्क आयुष स्वास्थ्य मेला एवं चिकित्सा शिविर का आयोजन किया जा रहा है। ग्राम खपरी में संचालित वाणी विद्यामंदिर प्रांगण में प्रातः 10 बजे से शाम 04 बजे तक आयोजित इस शिविर में आयुर्वेद, हौम्योपैथी एवं योगा चिकित्सक द्वारा नए एवं पुराने रोगों का निःशुल्क उपचार किया जायेगा साथ ही निरोगी बने रहने के लिए प्रभावकारी आयुर्वेद के सिद्धांतों एवं योग चिकित्सक द्वारा जानकारी भी दी जायेगी। आयोजकों से मिली जानकारी के अनुसार शिविर में विशेष तौर पर बात रोग, चर्म रोग, पेट रोग, बच्चों का रोग, बवासीर, स्त्री रोग एवं पुराने खांसी, श्वास, सर्दी, जुकाम, बुखार, पीलिया, मधुमेह, निम्न बीपी एवं हाई बीपी, सिकलीन की एवं वृद्धजन के रोगों की भी चिकित्सा की जायेगी। आयोजकों ने क्षेत्रवासियों से इस शिविर का अधिक से अधिक संख्या में लाभ उठाने की अपील की है।

### 04 लाख रूपए की आर्थिक सहायता मंजूर

**कवर्धा।** कलेक्टर ने राजस्व पुस्तक परिपत्र छह-चार के तहत एक विपत्तिग्रस्त परिवार को चार लाख रूपए की आर्थिक सहायता राशि की स्वीकृत दी है। इसके तहत रेंगाखार तहसील के अंतर्गत ग्राम अंजना निवासी दुलिया बाई की जहरीला सर्प के काटने से मृत्यु होने पर पति तोरन सिंह को राजस्व पुस्तक परिपत्र छह-चार के तहत चार लाख रूपए की आर्थिक सहायता की मंजूरी दी गई है।

# अधिकारी-कर्मचारियों की नौ सूत्रीय मांगों के समर्थन में महासंघ ने जिला कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

अखिल भारतीय राज्य सरकारी कर्मचारी एवं ट्रेड यूनियन ने अधिकारी-कर्मचारियों की लंबित मांगों के समर्थन में अपने पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत गुरूवार को कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। इस संबंध में दिलीप कुमार चन्द्रवंशी छ.ग. तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ अखिल भारतीय राज्य सरकारी कर्मचारी महासंघ जिला कबीरधाम (छ.ग.) ने बताया कि अखिल भारतीय राज्य सरकारी कर्मचारी एवं ट्रेड यूनियन ने अधिकारी-कर्मचारियों की लंबित मांग भारत सरकार के द्वारा 04 लेबर कोर्ट कानून को रद्द किए जाने, 2004 से बंद पुरानी पेंशन योजना सभी कर्मचारियों के लिये लागू किए जाने, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, आशा वर्कर, सहायिकाओं का वेतन वृद्धि कर 25000 रूपए प्रतिमाह किए जाने, आठवें वेतन आयोग की अनुशंसा सभी कर्मचारियों के लिए तत्काल लागू किए जाने, संविदा दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों को तत्काल नियमित किए जाने, ठेका प्रथा समाप्त किए जाने,कल-कारखानों का निजीकरण बंद किए जाने, राज्य में कैशलेश चिकित्सा सुविधा लागू किए जाने तथा 19 माह का बकाया दिए एरियर्स राशि तत्काल भुगतान किए जाने की मांग शामिल है।



## राजिम कुंभ महोत्सव में कौशल–अनुप लाफ्टर शो की शानदार जुगलबंदी ने बांधा समां



हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

आस्था और सांस्कृतिक उल्लास के पावन संगम राजिम कुंभ महोत्सव में इस वर्ष हास्य का अनूठा रंग देखने को मिला, जब मंच पर कौशल और अनुप की लाफ्टर जुगलबंदी ने दर्शकों को ठहाकों से सराबोर कर दिया। कार्यक्रम में उपस्थित श्रद्धालु और दर्शक देर रात तक हंसी के रंग में डूबे रहे। कौशल और अनुप की जोड़ी ने सामाजिक विषयों, पारिवारिक प्रसंगों और समसामयिक घटनाओं पर हल्के-फुल्के अंदाज में प्रस्तुति दी। दोनों कलाकारों की बेहतरीन टाइमिंग, संवाद शैली और मंच संचालन ने माहौल को जीवंत बना दिया। हर प्रस्तुति पर दर्शकों की जोरदार तालियों और ठहाकों की गूंज सुनाई देती रही। कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों ने भी कलाकारों की सराहना

## विज्ञान स्वच्छता एवं पोषण की महत्वता को स्कूली बच्चों ने जाना

**कवर्धा।** भारत सरकार नीति आयोग द्वारा संचालित आंकाक्षी विकासखंड बोड़ला में कलेक्टर गोपाल वर्मा के निर्देशानुसार सम्पूर्णता अभियान 2.0 के अंतर्गत आउट रिच एक्टिविटी के तहत तिथिवार निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार अंतर्राष्ट्रीय महिला एवं बालिका विज्ञान दिवस का आयोजन किया गया। विकासखंड बोड़ला के विभिन्न स्कूलों में कक्षा 6 वी से 11 वी तक की बालिकाओं के लिए आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विज्ञान में महिलाओं और बालिकाओं की भागीदारी बढ़ाना, छात्राओं में वैज्ञानिक दृष्टिकोण और आत्मविश्वास का विकास करना, पोषण, स्वास्थ्य और स्वच्छता के प्रति जागरूकता लाना शामिल है। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत विनय कुमार पोयाम ने बताया की इस आयोजन से बहुत लाभ हुआ है। विशेष कर बालिकाओं में विज्ञान के प्रति रुचि और आत्मविश्वास बढ़ा है। पोषण और स्वास्थ्य संबंधी जानकारी से लाभान्वित बालिकाओं की संख्या में बढ़ोतरी हुई है जो सम्पूर्णता अभियान 2.0 के उद्देश्यो की पूर्ति में सहायक सिद्ध हो रहा है। उन्होंने बताया कि हमारा लक्ष्य है की शिक्षा, स्वास्थ्य और स्वच्छता के क्षेत्रों में और बेहतर सुधार हो और इसी क्रम में बोड़ला ब्लॉक अंतर्गत विभिन्न स्कूलो में अनेको गतिविधियां आयोजित कर लक्षित समूह का ज्ञानवर्धन किया जा रहा है। कार्यक्रम का आयोजन हाई स्कूल मिनमिनिया मैदान, शासकीय हाई स्कूल बैरख और हायर सेकेंडरी स्कूल बोक्करखार सहित बोड़ला ब्लॉक के अन्य स्कूलों में किया गया। उल्लेखनीय है कि 29 जनवरी 2026 को संपूर्णता अभियान का शुभारंभ आंकाक्षी विकासखंड बोड़ला में हुआ है।

# शहरी गरीबों को मिलेगा स्थायी आशियानाः उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा

- नगरीय निकाय पात्र हितग्राहियों को देगा आवासी पट्टा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा



नगर पालिका द्वारा अंबेडकर चौक से लेकर समनापुर मार्ग तक निर्माण होने वाले बीटी रोड व नाली निर्माण भूमिपूजन कार्यक्रम में पहुंचे विजय शर्मा ने प्रधानमंत्री आवास निर्माण को लेकर बड़ी बात कही। उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने मंच से बताया कि केंद्र सरकार द्वारा प्रारंभ की गई प्रधानमंत्री आवास योजना–शहरी 2.0 शहरी क्षेत्रों में निवासरत गरीब एवं आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के लिए एक बड़ी राहत लेकर आई है। इस योजना के माध्यम से वर्षों से कच्चे मकानों में रह रहे पात्र नागरिकों को पक्का, सुरक्षित और सम्मानजनक आवास उपलब्ध कराया जाएगा। अब प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत पात्र लोगों के लिए आवास स्वीकृत होने का रास्ता पूरी तरह साफ हो गया है। उन्होंने बताया कि जो लोग जिस स्थान पर काबिज हैं और वहां समेकित कर, बिजली बिल तथा संपत्ति कर जमा कर रहे हैं या जिनके पास पुराना पट्टा है लेकिन उसका नवीनीकरण नहीं हुआ है, ऐसे सभी पात्र लोगों का प्रधानमंत्री आवास स्वीकृत किया जाएगा। नगर पालिका द्वारा उन्हें कब्जे का प्रमाण पत्र प्रदान किया जाएगा, जिसके बाद आवास की स्वीकृति में किसी प्रकार की दिक्कत नहीं होगी। उप मुख्यमंत्री ने बताया कि योजना का लाभ उन हितग्राहियों को मिलेगा, जो 31 अगस्त 2024 से पूर्व आबादी (प्रचलित/सुरक्षित) भूमि पर निवासरत हैं तथा जिनकी वार्षिक पारिवारिक आय 3 लाख रुपये तक है। पात्र हितग्राहियों के चयन के लिए नगर पालिका द्वारा पात्र हितग्राही प्रमाण-पत्र जारी किया जाएगा, जिसके लिए हितग्राही को भूमि पर निवास से संबंधित दस्तावेज प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा। जिन परिवारों के पास देश में कहीं भी पक्का आवास उपलब्ध नहीं है, वही इस योजना के अंतर्गत पात्र होंगे। साथ ही उन्होंने कहा कि पूर्व में केंद्र या राज्य सरकार की किसी भी आवास योजना का लाभ लेने वाले हितग्राही इस योजना के लिए अपात्र माने जाएंगे। एक परिवार को केवल एक ही आवास योजना का लाभ दिया जाएगा।

### योजना के क्रियान्वयन में पूर्ण पारदर्शिता

उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि योजना के क्रियान्वयन में पूर्ण पारदर्शिता बरती जाएगी। वास्तविक जरूरतमंदों को योजना से जोड़ा जा सके। पात्र हितग्राहियों को शासन द्वारा निर्धारित मापदंडों के अनुसार आवास निर्माण हेतु आर्थिक सहायता प्रदान की जाएगी। उन्होंने नगर पालिका अध्यक्ष को कहा कि ऐसे सभी लोगों को शीघ्र प्रमाण पत्र उपलब्ध कराया जाए। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत हितग्राहियों को 2 लाख 36 हजार रुपए की सहायता दी जाएगी, जिससे वे अपने अनुरूप बेहतर घर बना सकेंगे। उन्होंने यह भी कहा कि तालाब पार, सड़क सीमा, हाईटेंशन लाइन या अन्य शासकीय योजनाओं से प्रभावित भूमि पर स्थित कच्चे आवासधारियों को लाभार्थी आधारित निर्माण घटक के बजाय किफायती आवास घटक में सम्मिलित किया जाएगा। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के "सबके लिए आवास" के संकल्प को साकार करने की दिशा में प्रधानमंत्री आवास योजना–शहरी 2.0 एक सशक्त कदम है। राज्य सरकार इस योजना को मिशन मोड में लागू कर शहरी गरीबों के जीवन स्तर को बेहतर बनाने के लिए प्रतिबद्ध है।

ग्राम कोटनापानी, कुकरापानी, भरतपुर, लब्दा, मुड़घुसरी एवं लीलादादर के ग्रामीण रहे शामिल

# विकासखण्ड बोड़ला के वनवासियों का तीन दिवसीय प्रशिक्षण उड़ीसा में आयोजित



हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

सामुदायिक वन संसाधन प्रबंधन, गैर-काष्ठ वन उपज की विपणन प्रक्रिया, सुदृढ़ दस्तावेजीकरण व्यवस्था, ग्राम सभा सशक्तिकरण एवं सामुदायिक वन संसाधन प्रबंधन समिति के क्षमता संवर्धन के उद्देश्य से शिखर युवा मंच द्वारा अजीम प्रेमजी फाउंडेशन के सहयोग से सेवा निकेतन संस्था, कालाहांडी (उड़ीसा) में तीन दिवसीय शैक्षणिक भ्रमण का आयोजन किया गया। कबीरधाम जिले के बोड़ला ब्लॉक की कोटनापानी, कुकरापानी, भरतपुर, लब्दा, मुड़घुसरी एवं लीलादादर ग्राम सभाओं एवं शिखर युवा मंच टीम कबीरधाम सहित कुल 20 प्रतिनिधियों 5 महिला एवं 15 पुरुष ने इस कार्यक्रम में सहभागिता की। भ्रमण के दौरान प्रतिभागियों को सीएफआरएमसी के गठन, कार्यप्रणाली, नियमावली एवं ग्राम सभा के प्रति जवाबदेही की प्रक्रिया की जानकारी दी गई। साथ ही वन संसाधन सर्वेक्षण, पेड़ों की गणना, जैव विविधता संरक्षण तथा वनोपज के वैज्ञानिक संग्रहण एवं प्रबंधन के व्यवहारिक पहलुओं पर चर्चा की गई। एनटीएफपी जैसे तेंदूपत्ता, महुआ, बांस, शहद एवं अन्य वनोपजों के मूल्य संवर्धन और सामूहिक विपणन प्रणाली पर विशेष बल दिया गया। संग्रहण केन्द्र की स्थापना, बाजार आधारित मूल्य निर्धारण तथा प्रत्यक्ष विक्रय व्यवस्था के माध्यम से ग्रामीणों की आय बढ़ाने के मॉडल प्रस्तुत किए गए। वन संरक्षण के अंतर्गत वृक्षारोपण, निषिद्ध क्षेत्र की व्यवस्था, सामुदायिक गश्ती प्रणाली, वार्षिक संसाधन गणना तथा वित्तीय पारदर्शिता की प्रक्रियाओं को प्रभावी प्रबंधन का आधार बताया गया। दस्तावेज संधारण, खाता विवरण, ट्रांजिट पास (टीपी) जारी करने की प्रक्रिया एवं मनरेगा के अंतर्गत ग्राम सभा की भूमिका पर भी विस्तार से जानकारी दी गई। शिखर युवा मंच के संस्था प्रमुख भूपेश वैष्णव ने अपने संदेश में कहा कि सशक्त ग्राम सभा ही मजबूत वन प्रबंधन की आधारशिला है। जब समुदाय अपने अधिकारों के प्रति जागरूक होकर संगठित रूप से कार्य करता है, तब वन संरक्षण और आजीविका संवर्धन दोनों संभव होते हैं। ऐसे शैक्षणिक भ्रमण अनुभवों के आदान-प्रदान का सशक्त माध्यम हैं, जो ग्रामीण नेतृत्व को नई दिशा और आत्मविश्वास प्रदान करते हैं।

# 69 वीं राष्ट्रीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता हैंडबॉल में जिले के खिलाड़ियों का शानदार प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा



69 वी राष्ट्रीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता हैंडबॉल बालिका वर्ग घुमारवीं हिमाचल प्रदेश में 01 फरवरी 2026 से 04, फरवरी 2026 तक आयोजित किया गया था। जिसमे छत्तीसगढ़ की टीम से कवर्धा अचीवर्स हैंडबॉल अकडमी के 6 खिलाड़ियों ने इस प्रतियोगिता में भाग लिया था। भाग लेने वाले खिलाड़ियों में यशिका माली पिता विजय माली दिशा पब्लिक स्कूल, सुरुचि कुर्रे पिता आशीष कुर्रे स्वामी आत्मानंद, विभा बर्वे पिता राधेश्याम बर्वे स्वामी आत्मानंद, श्रद्धा निर्मलकर पिता सुनीत निर्मलकर स्वामी आत्मानंद, अदिति राजपूत पिता सतीश ठाकुर स्वामी आत्मानंद, ख्वाहिश साहू भूषण साहू स्वामी आत्मानंद शामिल थे। मोहम्मद गनी खान का चयन छत्तीसगढ़ के टीम में कोच के रूप में हुआ था। जिनके नेतृत्व में टीम ने छत्तीसगढ़ विरुद्ध हरयाणा छत्तीसगढ़ विरुद वेस्ट बंगाल छत्तीसगढ़ विरुद्ध मध्यप्रदेश खेला गया था। जिसमे छत्तीसगढ़ के टीम ने श्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए अपने पूल में रनर अप के रूप में प्रदर्शन किया। खिलाड़ियों के इस उपलब्धि पर कवर्धा जिला के जिला शिक्षा अधिकारी एफआर वर्मा, सहायक जिला क्रीड़ा अधिकारी संदिम गोविलकर, सहायक संचालक एमके गुप्ता, सहायक संचालक यूआर चंद्राकर, सहायक संचालक जीडी पत्रा, वरिष्ठ पीटीआई दिनेश साहू, पीटी आई अजय साहू हैंडबॉल वरिष्ठ हैंडबॉल खिलाड़ी नंद कुमार साहू एवं हैंडबॉल के समस्त सीनियर खिलाड़ी उदय साहू, प्रह्लाद निर्मलकर इस्त्राइल खान, सोहम चंद्राकर कनक माली, प्रियंका बर्वे ने खिलाड़ियों की इस उपलब्धि पर खिलाड़ियों की उज्ज्वल भविष्य की कामना की।